हरिभूमि
# रायपुर भूमि





# नए साल में मंदिर दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं के कारण कई जगह लगा लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साल के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इसके कारण वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर मार्ग में पूरे दिन जाम की स्थिति रही। कुछ ऐसा ही हाल महादेव घाट रोड पर रहा। साल के पहले दिन हटकेश्वर महादेव मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु जल चढ़ाने पहुंचे।

- वीआईपी चौक के पास पूरे समय जाम की स्थिति रही, एयरपोर्ट आने-जाने वाले लोगों को हुई परेशानी
- महादेव घाट रोड में भी जाम की स्थिति रही



महामाया मंदिर के साथ आकाशवाणी मार्ग में काली मंदिर में आने वालों की वजह से जाम की स्थिति निर्मत हुई। वीआईपी चौक के पास जाम की स्थिति को देखते हुए ट्रैफिक के साथ तेलीबांधा पुलिस की टीम तैनात रही। श्री राम मंदिर के पास सुबह सात बजे से श्रद्धालु मंदिर दर्शन करने पहुंचने लगे थे। सुबह नौ से 10 के बीच भारी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### इस्कान मंदिर जाने के मार्ग में लोग जाम में फंसते रहे

टाटीबंध स्थित इस्कान मंदिर में रायपुर के अलावा बड़ी संख्या में दुर्ग, भिलाई के साथ आसपास के लोग दर्शन करने पूरे दिन पहुंचते रहे। इसके चलते भी इस्कान मंदिर जाने के मार्ग में पूरे दिन ट्रैफिक रुक रुक कर चला। इस मार्ग में सुबह नौ बजे से देर शाम तक रस की स्थिति रही। टाटीबंध मार्ग की ओर आने-जाने वाले भारी वाहनों को धीरे चलाने निर्देश देने मौके पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी।

### मरीन ड्राइव से लेकर तेलीबांधा तक जाम की स्थिति

शहर में सबसे ज्यादा जाम की स्थिति तेलीबांधा से लेकर वीआईपी चौक तक रही। मरीन ड्राइव में देर शाम भारी संख्या में लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए पहुंचे। इसके चलते मरीन ड्राइव से लेकर अवंति विहार चौक के साथ तेलीबांधा सिग्नल के पास लोग जाम में फंसते रहे। जाम से बचने ज्यादातर लोग वैकल्पिक मार्ग से आवाजाही करने विवश हुए। उल्लेखनीय है कि ज्यादातर होटल तथा शहर के चर्चित पार्क तेलीबांधा के रास्ते होकर जाता है, इस वजह से इस मार्ग में जाम की स्थिति रही। ज्यादातर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती श्री राम मंदिर के पास की गई थी। इसके चलते मरीन ड्राइव के पास जाम की स्थिति निर्मित होती रही। मरीन ड्राइव के पास गिनती के पुलिसकर्मी तथा ट्रैफिक पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी।

## खबर संक्षेप

### यातायात जागरूकता हेलमेट रैली निकाली




**रायपुर।** कलेक्टोरेट चौक से साल के पहले दिन गुरुवार को एक महीने तक चलने वाले यातायात जनजागरूकता अभियान का न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। पहले दिन दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित करने रैली निकाली गई। इस अवसर पर एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, एएसपी ट्रैफिक डॉ. प्रशांत शुक्ला, एएसपी राहुल देव शर्मा, एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। समाजसेवी, कारोबारी संगठन तथा अन्य क्षेत्र से जुड़े डेढ़ सौ लोगों ने हेलमेट पहनकर रैली निकाली।

### कारोबारी संस्थान में चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र के दो इलेक्ट्रॉनिक शॉप में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की रकम 50 हजार रुपए जब्त की है। चोरी करने के आरोप में पुलिस ने न्यू राजेंद्र नगर निवासी जतिंद्र तलरेजा उर्फ भोपाली तथा बलौदाबाजार, भाटापारा निवासी व्यासनारायण वर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाश रामसागर पारा स्थित 19-30 सितंबर तथा 15-16 अक्टूबर दरमियानी रात गुरुकृपा ट्रेडर्स तथा सच्चो सतराम ट्रेडर्स में धावा बोलकर नकदी चोरी कर ले गए थे।

### 45 पौवा शराब बरामद कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने एक शराब कोचिया के कब्जे से 45 पौवा शराब जब्त की है। पुलिस के अनुसार अछोली निवासी संतोष ढीढी के कब्जे से शराब बरामद की गई है। संतोष नए साल में ज्यादा कीमत पर शराब बेचने की फिराक में था। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से संतोष के पास शराब होने की सूचना मिली। संतोष को पुलिस ने हीरानगर के पास घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ करने के साथ उसके झोले की तलाशी ली तो उसमें शराब मिली।

### नाबालिग के कब्जे से चोरी की बुलेट बरामद



**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने की पुलिस ने एक नाबालिग को बुलेट चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महोबा बाजार, शांति विहार कालोनी निवासी अश्वनी जैन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। अश्वनी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर 21 दिसंबर को घर के बाहर पार्क उसकी बुलेट को चोरी कर ले गया है। पुलिस ने नाबालिग को सीसीटीवी फूटेज से पहचान कर पकड़ा है। पुलिस गिरफ्त में आया नाबालिग गुढ़ियारी मौदहापारा थाना क्षेत्र में आधा दर्जन वाहन चोरी के आरोप में पहले भी पकड़ा जा चुका है।

नए साल के जश्न के दौरान छिटपुट मारपीट, ड्रिंक एंड ड्राइव की सख्ती से जांच, सिर्फ 11 केस आए सामने

# पुलिस की सख्ती ने रोकी वारदात, पर नए साल में दो परिवारों को दर्द दे गया जश्न, हादसे में दो की मौत








हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुराने साल की विदाई के साथ नए साल के स्वागत में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने पुलिस ने तगड़े इंतजाम किए थे, जिसके कारण छिटपुट मारपीट की घटना को छोड़ कर किसी तरह की कोई बड़ी वारदात नहीं हुई, लेकिन हादसों ने दो परिवार को हमेशा के लिए दर्द दे दिया। जश्न के दौरान ही सड़क हादसों में दो की मौत हुई है। नए साल में शराबखोरी भी जमकर हुई है। आंकड़ों के मुताबिक नववर्ष की पूर्व संध्या 11 करोड़ से ज्यादा की शराब बिकी है।

पुराने साल की विदाई देने राजधानी के सभी होटल पहले से बुक थे। होटलों में काफी भीड़ थी। इस दौरान वीआईपी रोड स्थित होटल कोटयार्ड में दो पक्ष नाचने के दौरान भिड़ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। बताया जा रहा है, नाचने के दौरान किसी ने एक नौ साल की बच्ची के पैर को कुचल दिया। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। होटल के बाउंसरों ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर झगड़ा शांत कराया। घटना की किसी भी पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। अलबत्ता मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है।





### एक्सीडेंट के बाद लोगों ने किया थाने का घेराव

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के झाबक पेट्रोल पंप के पास बुधवार शाम एक मोपेड चालक को एक ट्रक ने कुचल दिया। ट्रक सीजी 10 सी 7416 से कुचले जाने से महेंद्र मडामे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गोगांव का रहने वाला था। घटना से गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर थाने का घेराव कर दिया। आक्रोशित लोगों को पुलिस ने समझाइश देकर लौटाया।

### एक दिन में 11 करोड़ से ज्यादा की शराब बिक्री

सामान्य दिनों में शराब दुकानों में साढ़े छह से सात करोड़ रुपए की शराब की बिक्री होती है। नए साल की पूर्व संध्या पियक्कड़ 11 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की शराब गटक गए। बड़े होटल तथा बार संचालकों ने अपनी दैनिक खपत से डेढ़ से दो गुना ज्यादा शराब का उठाव किया। शराब दुकानों में शाम पांच बजे के बाद से शराब खरीदने की होड़ लगी रही। साल के पहले दिन में 13 से 14 करोड़ रुपए की शराब बिक्री होने का अनुमान आबकारी अधिकारियों ने लगाया है।

### दो दिन में महज 11 ड्रंक एंड ड्राइव के मामले

ट्रैफिक पुलिक के दावों के मुताबिक 30 तथा 31 दिसंबर की रात राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में डेढ़ हजार से ज्यादा वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर से जांच की गई। जांच के दौरान 11 कार चालकों के खिलाफ ड्रंक एंड ड्राइव के अपराध दर्ज किए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस के दावों के मुताबिक शराब के शौकीन ज्यादातर कार सवार लोग इस बार अपने साथ ड्राइवर लेकर गए थे। इस वजह से ड्रंक एंड ड्राइव के मामले काफी कम आए।

### कार ने ई-रिक्शा के साथ एक अन्य कार को ठोका

*गुरुवार शाम पांच बजे के करीब फुंडहर चौक के पास विपरीत दिशा से आ रही महिंद्रा टीयूवी कार का चालक कार कंट्रोल नहीं कर पाया। कार चालक ने पहले एक स्विफ्ट कार को सामने से ठोका। इसके बाद महिंद्रा कार लहराते हुए ई-रिक्शा को सामने से ठोकर मारते हुए रुक गई। कार की टक्कर से ई-रिक्शा का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ई-रिक्शा चला रहे ड्राइवर का एक पैर कट गया। ई-रिक्शा चालक को गंभीर हालत में उपचार के लिए 108 की मदद से आंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।*

### स्नैपचैट से जल्दी घर लौटने की जानकारी के बाद हादसा

*बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल है, जिसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। घटना राखी तथा गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार धमतरी निवासी कार्तिक मरकाम, दीपांशु शर्मा देर रात दो बजे रायपुर में नए साल का जश्न मनाने के बाद वापस पचपेड़ी नाका के रास्ते बाइक से धमतरी लौट रहे थे। अभनपुर पहुंचने के कुछ दूर पहले इंडियन ढाबा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से कार्तिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल है। एक्सीडेंट के पूर्व दोनों ने स्नैपचैट के माध्यम से वीडियो बनाकर अपने परिजनों को जल्द घर लौटने की जानकारी दी थी।*

## इस साल भी लगेगा महंगी बिजली का झटका, छह हजार करोड़ के घाटे की याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जनसुनवाई के बाद बिजली नियामक आयोग तय करेगा नया टैरिफ

नए सत्र 2026-27 के लिए बिजली का नया टैरिफ तय करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जो याचिका लगाई है, उसमें छह हजार करोड़ का घाटा बताया गया है। ऐसे में यह तय है कि इस साल भी महंगी बिजली का झटका लगेगा। अब यह झटका कितना बड़ा होगा, इसका फैसला तो नियामक आयोग करेगा। पिछली बार पॉवर कंपनी ने पांच हजार करोड़ का घाटा बताया था, इसको आयोग ने पांच सौ करोड़ माना था। इस बार आयोग जितना घाटा मानेगा, उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा। टैरिफ तय करने से पहले जनसुनवाई भी होगी।

नियमों के मुताबिक पॉवर कंपनी को दिसंबर माह में नए सत्र के टैरिफ के लिए याचिका लगानी रहती है। पॉवर कंपनी ने आयोग से 31 दिसंबर तक का समय याचिका लगाने के लिए मांगा था। इसके एक दिन पहले ही 30 दिसंबर को पॉवर कंपनी ने अपनी याचिका लगा दी है। इस याचिका में पूरा लेखा-जोखा देते हुए पॉवर कंपनी ने बताया है कि नए सत्र 2026-27 में उसको कितने का राजस्व मिलेगा और उसका खर्च कितना है। इस सत्र के फायदे के साथ पुराना घाटा भी बताया गया है। नए सत्र के फायदे को पुराने घाटे में कम करने के बाद भी पॉवर ने करीब छह हजार करोड़ के राजस्व की जरूरत बताते हुए टैरिफ में इजाफा करने की मांग रखी है।



### पांच हजार करोड़ के घाटे को माना था पांच सौ करोड़

चल रहे वित्तीय वर्ष की बात करें तो पॉवर कंपनी ने नियामक आयोग में जो याचिका लगाई थी, उसमें करीब पांच हजार का घाटा बताया था, लेकिन आयोग ने इसको पांच सौ करोड़ माना था। कंपनी द्वारा मांग की गई वार्षिक राजस्व आवश्यकता 28397.64 करोड़ रुपए के स्थान पर 25636.38 करोड़ रुपए मान्य किया गया था। वितरण कंपनी द्वारा इस वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित विद्युत विक्रय 35727 मिलियन यूनिट के स्थान पर 36540 मिलियन यूनिट मान्य की गई थी। इसी तरह वितरण कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत की अनुमानित बिक्री पर प्रचलित टैरिफ से अनुमानित 4947.41 करोड़ रुपए राजस्व घाटे के स्थान पर 523.43 करोड़ रुपए मान्य किया था। पॉवर कंपनी के घाटे को पूरा माना जाता तो दरें 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ती लेकिन आयोग के घाटा पांच सौ करोड़ माना था इसलिए दरें दो फीसदी से भी कम बढ़ाई गई थी। अब इस बार आयोग पॉवर कंपनी का कितना घाटा मानता है, उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा।

## कंपकंपाएगी जनवरी... 48 घंटे बाद बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आज और कल तापमान में हल्की वृद्धि, इसकी बाद तेजी से गिरावट

ठंड के बीच पुराने साल को विदाई देने के बाद नववर्ष के पहले पखवाड़े में भी सर्द मौसम का सामना लोगों को करना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ में अगले 48 घंटों तक न्यूनतम तापमान में 1-2 डिग्री की वृद्धि होगी, लेकिन इसके बाद आगामी 3 दिनों में 2-3 डिग्री की क्रमिक गिरावट होने की संभावना है। दुर्ग संभाग में लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को यहां एक-दो पॉकेट में शीत लहर चली। हालांकि प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री दुर्ग में ही दर्ज किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया। ▶▶|शेष पेज 13 पर

## चार माह मशक्कत के बाद भरी बीएड-डीएलएड सीटें देर से आने वाले छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बीएड की 10 और डीएलएड की 4 सीटें ही रिक्त, सभी चरण समाप्त होने के बाद पुन: शुरू हुई थी काउंसिलिंग
- मार्च-अप्रैल में परीक्षाएं संभावित, अंतिम चरण में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के पास दो माह ही

चार माह की मशक्कत के बाद प्रदेश में बीएड और डीएलएड की सीटें लगभग भर गई हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, बीएड की 10 और डीएलएड की 4 सीटें ही रिक्त रह गई हैं। इसके अलावा प्रदेशभर के महाविद्यालयों की सीटें भर गई हैं। प्रदेश में बीएड की 14,400 और डीएलएड की 6,700 सीटें हैं। इन सीटों में प्रवेश के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा सितंबर माह से पंजीयन प्रारंभ कर काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई थी। पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अंतर्गत नवंबर अंत तक चली काउंसिलिंग के बाद बीएड की 280 सीटें खाली रह गई थी। डीएलएड की भी कुछ सीटें रिक्त थीं। काउंसिलिंग समाप्त होने के बाद रिक्त सीटों की स्थिति को देखते हुए दोबार कांउसिलिंग प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस बाद विद्यार्थियों को विकल्प नहीं दिया ▶▶|शेष पेज 13 पर

### अपने स्तर पर व्यवस्था करेंगे महाविद्यालय

बीएड की परीक्षाएं सामान्यतः मार्च-अप्रैल माह में आयोजित की जाती हैं। ऐसे जिन विद्यार्थियों ने अंतिम चरण में प्रवेश लिया है, उनके पास वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी के लिए कुछ ही दिन शेष हैं। ऐसे में इन छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी, ताकि वे शुरुआती माह में प्रवेश प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों के समकक्ष आ सकें। महाविद्यालय अपने स्तर पर इसकी व्यवस्था करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासकीय ▶▶|शेष पेज 13 पर

राजस्व अधिकारियों की व्यस्तता और अवकाश पर रहने के कारण सुनवाई नहीं हो पाई

## नववर्ष के पहले दिन कई दफ्तरों में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति आधे से भी कम, छुट्टी पर रहे ज्यादातर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन दिन की हड़ताल खत्म होने के बाद भी जिला प्रशासन के कई विभागों में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति आधी से कम रही। नववर्ष के कारण ज्यादातर अधिकारी-कर्मचारी छुट्टी पर रहे, वहीं कई अटेंडेंस लगाकर लौट गए, जिसके कारण दफ्तरों का कामकाज भी प्रभावित रहा।

हरिभूमि ने गुरुवार को दोपहर 12 बजे से लेकर 2 बजे तक कलेक्टोरेट, जिला पंचायत रायपुर, तहसील कार्यालय सहित विभिन्न विभागों के शासकीय दफ्तरों की पड़ताल की। इस दौरान कई विभागों में अधिकारी-कर्मचारी नदारत मिले। पूछने पर पता चला कि उनमें कोई छुट्टी पर हैं, तो कोई दफ्तर आने के बाद जा चुका है, तो कई दफ्तर पहुंचे ही नहीं हैं। उन्हें फील्ड पर होना बताया गया। यह स्थिति लगभग सभी विभागों के दफ्तरों की थी।





### इन विभागों के दफ्तरों में भी उपस्थिति कम रही

नववर्ष के कारण योजना एवं सांख्यिकी विभाग, आदिवासी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विकास, कृषि विभाग, पंजीयन कार्यालय, प्रधानमंत्री आवास कार्यालय, जिला पंचायत रायपुर, राजस्व विभाग, नगर निगम मुख्यालय सहित सभी जोन कार्यालय, पीएचई, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभाग के दफ्तरों में भी कर्मचारियों की उपस्थिति कम रही।

### राजस्व प्रकरण, रेंट कंट्रोल के प्रकरणों की तारीख आगे बढ़ी

नववर्ष के पहले दिन भी राजस्व न्यायालयों तथा रेंट कंट्रोल के लंबित प्रकरणों पर सुनवाई नहीं हो पाई। सभी प्रकरणों में पेशी की तारीख आगे बढ़ा दी गई। हालांकि एसआईआर का कार्य जारी होने के कारण अभी भी राजस्व संबंधी प्रकरणों की तारीख लगातार आगे बढ़ाई जा रही है। उम्मीद जताई जा रही थी कि नववर्ष के पहले दिन से राजस्व न्यायालयों में प्रकरणों पर सुनवाई शुरू होगी, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। राजस्व अधिकारियों की व्यस्तता और अवकाश पर रहने के कारण सुनवाई नहीं हो पाई।

## खबर संक्षेप




### नाली पर बने पाटों को तोड़कर कराई सफाई

**रायपुर।** नगर निगम की टीम ने गुरुवार को रायपुरा चौक महादेवघाट मार्ग से ओम हास्पिटल तक नाली पर बनाए गए 50 पाटों को जेसीबी मशीन से तोड़कर नाली की सफाई करवाई। नाली पर पाटा बनाकर कब्जा करने से नाली की सफाई प्रभावित हो रही थी, आसपास के रहवासियों ने इसकी शिकायत जोन 5 दफ्तर में की। शिकायत के बाद जोन 5 कमिश्नरी ने इस पर संज्ञान लेकर पाटों को तोड़ते हुए सफाई में आ रही बाधा दूर की। शहर में नाली पर पाटा बनाए जाने से गंदे पानी के निकास की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जोन स्तर पर जनशिकायत मिलने पर निगम की टीम नालियों को कब्जा मुक्त कराने अभियान चलाती है। इसी कड़ी में जोन 5 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा रायपुरा चौक मार्ग से लेकर ओम हॉस्पिटल तक नाली पर निर्मित किये गए 50 पाटों को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर नाली को कब्जामुक्त करवाया।

### डिप्टी सीएम साव के ओएसडी होंगे अजय त्रिपाठी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम अरुण साव के ओएसडी बदल दिए गए हैं। विपुल गुप्ता की जगह अजय त्रिपाठी नए ओएसडी बनाए गए हैं, जो कि पीडब्ल्यूडी, पीएचई, नगरीय प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ओएसडी बनाए गए हैं। बता दें कि अजय त्रिपाठी कबीरधाम जिला पंचायत के सीईओ हैं। विपुल गुप्ता संयुक्त कलेक्टर मूल पद पर वापस भेजे गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

### पॉवर कंपनी में भी अब बायोमैट्रिक उपस्थिति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के डगनिया, रायपुर स्थित मुख्यालय परिसर में अब आधार सक्षम बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली प्रारंभ कर दी गई। इस प्रणाली के अंतर्गत यहां पदस्थ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुबह 10 बजे उपस्थिति देते वक्त तथा शाम 5.30 बजे कार्यालय छोड़ते वक्त अपने आने एवं जाने की बायोमैट्रिक उपस्थित अंकित करनी होगी। कंपनी के संयुक्त कार्यालय परिसर में 7 स्थानों पर बायोमैट्रिक डिवाइसेस लगाई गई हैं। यह सुविधा भी दी गई है कि आधार सक्षम बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली में अपने कार्यालय की निर्धारित परिधि में आकर अपने मोबाइल फोन में डाउनलोडेड एप से भी यह कार्य किया जा सकता है।

### शहर में लोगों को ठिठुरन से बचाने 30 जगहों पर अलाव

**रायपुर।** राजधानीवासियों को शीतलहर से राहत दिलाने नगर निगम द्वारा जयस्तंभ चौक, नेताजी सुभाष स्टेडियम, आंबेडकर अस्पताल परिसर, पुराना बस स्टैंड पंडरी, रेलवे स्टेशन के पास चंगोराभाठा बाजार, हीरापुर चौक सहित 30 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने से लोगों को ठिठुरन से राहत मिली है। यह व्यवस्था नगर निगम के संबंधित जोन के माध्यम से की जा रही है। अलाव की व्यवस्था शंकर नगर, अवंति विहार कॉलोनी, टाटीबंध चौक, कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सरोना, चन्दनीडीह, महोबा बाजार, परमानन्द नगर कोटा, सत्यम विहार रायपुरा, शिक्षक कॉलोनी डंगनिया, तेलीबाँधा तालाब मरीन ड्राइव, जगन्नाथ चौक रामनगर, बड़ा अशोक नगर, जोन 9 कार्यालय परिसर के समीप मोवा में भी की गई है।

# सरकारी अस्पतालों में बनेंगे विश्राम गृह, बड़े शहरों से होगी प्रोजेक्ट की शुरुआत

## शुरुआती चरण के लिए रायपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और जगदलपुर के मेडिकल कॉलेजों का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में विश्राम गृह खोले जाएंगे। इलाज के लिए आने वाले मरीजों के परिजन यहां किफायती दर पर रुक सकेंगे। शुरुआती चरण में रायपुर, अंबिकापुर, रायगढ़ और जगदलपुर जैसे प्रमुख शहरों के मेडिकल कॉलेजों को चुना गया है।

यहां दूरस्थ अंचलों से आने वाले मरीजों की सर्वाधिक संख्या होती है, इसलिए पहले यहां विश्राम गृह बनाए जाएंगे। इसके बाद प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी इसी तर्ज पर विश्राम गृह का निर्माण होगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, दूर-दराज के गांवों से शहर आने वाले गरीब परिवारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती इलाज के साथ-साथ खुद के ठहरने की होती है। मरीज तो वार्ड में इलाज करा रहा होता है, लेकिन उसके अपने लोग अस्पताल के गलियारों, ठंडी




सीढ़ियों या खुले आसमान के नीचे रातें गुजारने को मजबूर होते हैं। इसी मानवीय पीड़ा को महसूस करते हुए यह नई व्यवस्था की जा रही है। एमओयू संपादन के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, तकनीकी शिक्षा मंत्री खुशवंत साहेब, स्वास्थ्य विभाग सचिव अमित कटारिया, चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त रितेश अग्रवाल सहित सेवादान फाउंडेशन के सदस्य उपस्थित रहे।

### मरीजों को राहत पहुंचाने व्यवस्था

इन आश्रय स्थलों के निर्माण, सजावट और उनके रोजमर्रा के संचालन का पूरा जिम्मा संस्था खुद उठाएगी। सरकार और संस्था मिलकर एक ऐसा मानवीय ढांचा तैयार कर रहे हैं जहां परिजनों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहद किफायती ठहराव मिल सके। इन विश्राम गृहों में लोगों के लिए 24 घंटे सुरक्षा, सीसीटीवी की निगरानी, साफ-सुथरा भोजन और एक गरिमामय माहौल भी सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग के अनुसार, यह कदम न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूती देने के साथ हजारों परिवारों को बड़ी मानसिक राहत पहुंचाएगा, जिनके पास शहर में रहने का कोई ठिकाना नहीं होता। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, विश्राम गृह 'नो प्रॉफिट-नो लॉस' के आधार पर संचालित होंगे। सरकार का उद्देश्य मरीजों के साथ आने वाले परिजनों की गरिमा और सुविधा का भी ख्याल रखना है।

## सीएम साय बोले- प्रदेश में कनेक्टिविटी-विकास होगा तेज

# छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी, 5 जिलों में 174 किमी सड़क होगी चौड़ी और मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में चार सड़क खंडों के मजबूतीकरण, चौड़ीकरण और उन्नयन के लिए 664 करोड़ 67 लाख रुपए मंजूर किए हैं। सीआरआईएफ से प्राप्त होने वाली इस राशि से राज्य के पांच जिलों में करीब 174 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जाएंगे।

- केंद्र सरकार ने 4 सड़क खंडों के लिए स्वीकृत किए 665 करोड़

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को राशि स्वीकृति का आदेश राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव को भेजा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने राज्य में सड़कों के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया है।



### इन जिलों में इतनी लंबी सड़कें

उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा भारत सरकार को चार सड़क खंडों के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के प्रस्ताव भेजे गए थे। इन्हें मंजूर करते हुए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मुंगेली जिले के कोटा-लोरमी-पंडरिया मार्ग के 21 किमी भाग में फोरलेन के निर्माण और मजबूतीकरण के लिए 156 करोड़ 33 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। कांकेर जिले में कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग की 48.4 किमी टू-लेन विद्यमान सतह के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के लिए 130 करोड़ 63 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

### सुकमा, दंतेवाड़ा से राजिम, महासमुंद तक होगा ये काम

केंद्र सरकार द्वारा सीआरआईएफ से सुकमा से दंतेवाड़ा मार्ग के 68 किमी लंबाई में टू-लेन सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 230 करोड़ 85 लाख रुपए तथा गरियाबंद जिले में राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद मार्ग में 35.5 किमी लंबाई में सड़क की मजबूती और उन्नयन के लिए 146 करोड़ 86 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। इन महत्वपूर्ण मार्गों के विकास एवं उन्नयन से इन जिलों में राज्यीय राजमार्ग तथा मुख्य जिला मार्ग अच्छी होंगी और आवागमन बेहतर होगा।

### अधोसंरचना विकास, बेहतर कनेक्टिविटी : साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ को सड़क अधोसंरचना के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण स्वीकृति प्राप्त हुई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदेश के लिए स्वीकृत इन परियोजनाओं से राज्य के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये सड़कें बेहतर कनेक्टिविटी, सुरक्षित परिवहन व्यवस्था और क्षेत्रीय आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएँगी।

### सभी काम समय पर होंगे

वहीं उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विभाग के प्रस्ताव पर सड़कों के विकास एवं उन्नयन के लिए राज्य को मिली राशि के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। राज्य में नई सड़कों के निर्माण और विद्यमान सड़कों की मजबूती व उन्नयन के लिए विभाग द्वारा पिछले दो वर्षों में 8092 करोड़ रुपए की नवीन स्वीकृति जारी की गई है। लोक निर्माण विभाग इन सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# उद्योग विभाग में 17 अधिकारियों की पदोन्नति एवं तबादले

## नए साल के पहले अधिकारियों को तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




उद्योग विभाग में डीपीसी की बैठक के बाद मुख्य महाप्रबंधन, संयुक्त संचालक और अपर संचालक के पद पर पदोन्नत किए गए। जिन अधिकारियों को पदोन्नति दी गई, उनमें त्रिपुरारी राम कश्यप जिला उद्योग केंद्र मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार केंद्र अंबिकापुर, लुईस कुमार लकड़ा जिला व्यापार केंद्र बिलासपुर को संयुक्त संचालक उद्योग संचालनालय रायपुर, डीएल पुसाम जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम को संयुक्त संचालक उद्योग संवालनालय, रायपुर, मुरारी पैकरा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जशपुर को मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, रायपुर, भोलाराम निकुंज जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दुर्ग को मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दुर्ग, शिव कुमार राठौर उद्योग संचालनालय रायपुर को अपर संचालक उद्योग संचालनालय रायपुर, संजय गजघाटे उद्योग संचालनालय को अपर संचालक रायपुर, विजय कुमार कारे जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जांजगीर-चांपा को महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरबा, लोकपाल खांडेकर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बेमेतरा को महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र धमतरी, वैशाली जनार्दन उद्योग संचाननालय रायपुर को उप संचालक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायपुर, मृणालिनी सिंह ठाकुर उद्योग संचालनालय रायुपर को उप संचालक उद्योग संचालनालय रायपुर, विनय कुमार टेंगर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरबा को महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरिया, हिमालय सेठिया जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कांकेर को महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोंडागांव, मनीष भगत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जशपुर को महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र जशपुर, मिलेश दुगे जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कांकेर को महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम,3 कविता दर्रो सीएसआईडीसी रायपुर को महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बिलासपुर, रामुकुमार गुप्ता जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम को महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में पदस्थ किया गया है।

## छत्तीसगढ़ का नया बजट

# अब सभी मंत्रियों की वित्तमंत्री से चर्चा 6 से 9 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2026-27 का बजट बनाने की प्रक्रिया अंतिम और निर्णायक दौर में आ पहुंची है। अब से पहले महीनों से विभागाध्यक्ष से लेकर सचिव स्तरीय बजट चर्चा के बाद अब बारी है मंत्री स्तरीय बजट चर्चा की। यह चर्चा 6 जनवरी से शुरू होकर 9 तक चलेगी। हालांकि अभी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों की चर्चा का समय तय नहीं हुआ है।

मंत्री स्तरीय बजट चर्चा के दौरान 6 जनवरी से 9 जनवरी तक मुख्य बजट प्रस्तावों एवं नवीन मद प्रस्तावों पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ चर्चा होगी। बताया गया है कि मंत्री



अपने विभागों से संबंधित नई योजनाओं के प्रस्ताव पेश करेंगे। वित्त मंत्री से चर्चा के बाद प्रस्तावों को अंतिम रूप देकर बजट में शामिल किया जाएगा। जिन नवीन मद के प्रस्तावों पर सहमति नहीं होगी उन्हें दरकिनार किया जाएगा। इसी चर्चा के एक हिस्से में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विभागों के प्रस्तावों पर वित्त मंत्री के साथ चर्चा होगी।

### ये है मंत्री स्तरीय बजट चर्चा का कार्य

वित्त विभाग द्वारा मंत्री स्तरीय बजट चर्चा का कार्यक्रम जारी किया गया है। 6 जनवरी को चार मंत्री इस चर्चा में शामिल होंगे। इनमें लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब। 7 जनवरी को केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, 8 तारीख को उप मुख्यमंत्री अरुण साव, गजेंद्र यादव, 9 की बैठक में दयाल दास बघेल, लक्ष्मी राजवाड़े और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विभागों पर चर्चा होगी।

# छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में भर्ती

## दस्तावेज सत्यापन की समय-सारिणी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल अंतर्गत मेल नर्स, फीमेल नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंट, ड्रेसर एवं कम्पाउंडर पदों की भर्ती प्रक्रिया 2023-24 के तहत चयनित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज सत्यापन की समय-सारणी जारी कर दी गई है। अध्यक्ष भर्ती समिति छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह प्रक्रिया भर्ती केंद्र–4वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, माना, जिला रायपुर में आयोजित की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को अपने-अपने पद एवं रोल नंबर के अनुसार निर्धारित तिथि को प्रातः 8 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। दस्तावेज सत्यापन क्रमशः 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 2 फरवरी तक चलेगा।



### प्रवेश पत्र जारी

दस्तावेज सत्यापन हेतु प्रवेश पत्र संबंधित तिथि से 10 दिन पूर्व जारी कर दिए गए हैं, जिन्हें अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं उनकी प्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया है।

### पदवार तिथि इस प्रकार है

समय-सारणी के अनुसार मेल नर्स पद के लिए 12 एवं 13 जनवरी को, फीमेल नर्स पद के लिए 14 जनवरी से 21 जनवरी तक, लैब टेक्नीशियन के लिए 22 जनवरी को तथा फार्मासिस्ट पद के लिए 23, 27, 28 एवं 29 जनवरी को दस्तावेज सत्यापन किया जाएगा। वहीं नर्सिंग असिस्टेंट एवं ड्रेसर पद के अभ्यर्थियों का सत्यापन 30 जनवरी को एवं कम्पाउंडर पद के अभ्यर्थियों का 2 फरवरी को किया जाएगा।

# विकास कांग्रेस प्रवक्ता पद से हटाए गए, कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने झीरम कांड में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल और कवासी लखमा का नार्को टेस्ट कराने के लिए झीरम वृहद जांच आयोग के अध्यक्ष को पत्र लिखे जाने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रदेश विकास तिवारी को पद से हटाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

महामंत्री ने जारी विकास तिवारी को पत्र में कहा है कि झीरम जांच के लिये गठित न्यायिक जांच आयोग को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं सहित प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का नार्को टेस्ट के लिए लिखा है और जांच के लिये कहा है। उन्होंने कहा है कि यह घटना भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुई और इसकी जिम्मेदार भाजपा सरकार है। घटना को लेकर कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर लड़ाई लड़ रही है और पीड़ित परिवार सहित प्रदेश की जनता सच्चाई जानना चाहती है। वरिष्ठ प्रवक्ता होने के नाते आपकी बात पार्टी लाइन में होना चाहिए, किन्तु आपके द्वारा हमारे दोनों वरिष्ठ नेताओं का नाम जोड़कर मीडिया में प्रचारित करना अनुशासनहीनता के दायरे में आता है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार विकास को वरिष्ठ प्रवक्ता के पद से पदमुक्त करते हुए यह कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 3 दिन के भीतर अपना लिखित जवाब प्रदेश कांग्रेस को प्रेषित करें।

### झीरम कांड में कांग्रेस नेताओं के नार्को टेस्ट की मांग की थी



### पार्टी ने गंभीरता से लिया

उल्लेखनीय है कि विकास तिवारी ने पिछले दिनों में झीरम कांड को लेकर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा जांजगीर-चांपा में दिए गए भाषण को आधार बनाते हुए उन्होंने कांग्रेस नेताओं का भी नार्को टेस्ट कराने को लेकर पत्र लिखा, मामले को उन्होंने सोशल मीडिया में प्रचारित भी किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने इसे गंभीरता से लिया और पूरे मामले में प्रदेश प्रवक्ता पर कार्रवाई की है।

## जहां जनसंख्या घनत्व बढ़ा या प्रति बूथ मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक, वहां नए बूथ

# एसआईआर के साथ 2828 नए मतदान केंद्र बनाए गए, औसत मतदाता की संख्या हुई कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक तरफ एसआईआर के साथ ही मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने 2828 नए मतदान केंद्र बनाने का फैसला किया है। आने वाले विधानसभा चुनाव में बढ़े हुए मतदान केंद्रों में औसत मतदाता की संख्या को कम करने का निर्णय लिया गया है।

बताया गया है कि मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मत का उपयोग कर सके, माना जा रहा है कि आने वाले विधानसभा चुनाव तक यह प्रक्रिया लागू हो जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन विभाग ने इस बार 2828 नए मतदान केंद्र बनाए हैं। नए केंद्रों के जुड़ने से राज्य में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 24371 से बढ़कर 27199 हो जाएगी। निर्वाचन



विभाग के अधिकारियों के अनुसार, नए मतदान केंद्र मुख्य रूप से उन इलाकों में बनाए जा रहे हैं, जहां जनसंख्या घनत्व बढ़ा है या प्रति बूथ मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक हो गई है। जिन क्षेत्रों में पिछली बार मतदाता दूरी या भौगोलिक कठिनाइयों के कारण मतदान नहीं कर पाए थे, वहां भी विशेष रूप से केंद्र स्थापित किए गए हैं।

### ग्रामीण इलाकों और नक्सल प्रभावित जिलों में बनेंगे

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि इस बार दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हर नए मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर, रैंप, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि सभी मतदाता बिना किसी असुविधा के मतदान कर सकें। निर्वाचन आयोग के नए केंद्रों में लगभग 45 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में और 25 प्रतिशत नक्सल प्रभावित जिलों में स्थापित किए गए हैं। आयोग का उद्देश्य यह है कि किसी भी मतदाता को अपने घर से मतदान केंद्र तक जाने के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े।

### जिले में बढ़े 561 मतदान केंद्र, सबसे ज्यादा 164 रायपुर ग्रामीण में

रायपुर जिले के विधानसभा क्षेत्रों में पिछले चुनाव में 1923 मतदान केंद्र थे। यहां कुल 561 नए मतदान केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया है। अब इसकी संख्या बढ़कर 2484 हो गया है। जिले की धरसींवा विधानसभा में पहले 254 मतदान केंद्र थे, यहां पर 48 नए मतदान केंद्र बनाए जाने से इसकी संख्या बढ़कर 302 हो गई है। रायपुर ग्रामीण में 327 मतदान केंद्र थे, यहां 164 केंद्र बढ़ने से 491 मतदान केंद्र होंगे। रायपुर नगर पश्चिम में 283 मतदान केंद्र थे, यहां 102 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, अब यह बढ़कर 385 हो जाएगी। रायपुर नगर उत्तर में 204 मतदान केंद्र थे, यहां 55 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, अब यह बढ़कर 259 हो जाएंगे। रायपुर नगर दक्षिण में 253 मतदान केंद्र थे, यहां 91 नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, अब यह बढ़कर 344 हो जाएंगे। आरंग विधानसभा क्षेत्र में 251 मतदान केंद्र थे, यहां 54 नए केंद्र बनने से संख्या बढ़कर 304 हो गए हैं। अभनुपर में 241 मतदान केंद्र थे, यहां 40 नए मतदान केंद्र बनने से संख्या बढ़कर 281 हो गई है। वहीं बलौदाबाजार विधानसभा में 110 मतदान केंद्र थे, यहां 7 नए मतदान केंद्र बनने से संख्या बढ़कर 117 हो गई है।

# गुरुवार से नववर्ष का शुभारंभ, ज्ञान-धर्म-आर्थिक स्थिरता का सूचक

## शुभ संयोगः नया साल गुरुवार से शुरू और गुरुवार को ही खत्म होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

नववर्ष 2026 की शुरुआत इस बार गुरुवार हुई है और गुरुवार को ही यह साल खत्म होगा। यह संयोग अपने आप में खास माना जा रहा है। ज्योतिषीय दृष्टि से 1 जनवरी का गुरुवार होना शुभ संकेतों से जुड़ा माना जाता है।ये ज्ञान-धर्म-आर्थिक स्थिरता का सूचक है। सनातनी परंपरा में गुरुवार का दिन शुभ और श्रेष्ठ माना गया है। इसलिए अच्छे कामों की शुरुआत गुरुवार से करने की परंपरा है। संयोग से इस साल एक जनवरी 2026 को गुरुवार है। ऐसा दस साल बाद यानी 2015 के बाद हो रहा है। इसे ज्योतिष और पंडित विशेष शुभ मान रहे हैं। साल का पहले दिन का यह संयोग और भी अनूठा है क्यों कि वर्ष 2026 का अंतिम दिन 31 दिसंबर भी गुरुवार को ही पड़ेगा। इतना नही हिंदू नववर्ष का शुभारंभ भी गुरुवार19 मार्च को गुड़ी पड़वा के साथ होगा। पिछले 95 वर्षों में, 1 जनवरी पर गुरुवार को नया साल शुरू होने का संयोग केवल 12 बार ही बना है। अब 2026 में यह आंकड़ा 13 वीं बार बना है। ज्योतिषाचार्य पंडित संतोष शर्मा ने बताया कि गुरुवार को हिंदू ही नहीं, बल्कि जैन, बौद्ध, ईसाई, सिख धर्मोंऔर मुस्लिम समाज में भी आस्था, ज्ञान, दान और शुभ कार्यों का प्रतीक माना गया है। ज्योतिषियों का मत है कि गुरुवार को नए साल की शुरुआत होने का अर्थ है कि अंकों के गणित से भले सूर्य का वर्ष हो, लेकिन इस पर गुरु का अधिपत्य भी रहेगा और धर्म व अध्यात्म के क्षेत्र में अनेक शोधपूर्ण कार्य होते दिखाई देंगे।



### गुरुवार को भगवान विष्णु, बृहस्पति और सत्यनारायण पूजा का विधान

पंडित आचर्य पवन शास्त्री रीवा ने बताया की सनातनी लोग इस दिन विष्णु, बृहस्पति और सत्यनारायण भगवान की पूजा करते हैं। विवाह, नामकरण, यज्ञ, व्रत और दान जैसे कार्य इस दिन करना उत्तम माना जाता है। पीले वस्त्र, चने की दाल, हल्दी, गुड़ और पीले फूल का दान भी इस दिन विशेष पुण्यकारी माना जाता है। अनेक लोग गुरुवार को व्रत रखते हैं। देवताओं को नीति, धर्म और ज्ञान का उपदेश देने वाले गुरु बृहस्पति ही माने जाते हैं। बौद्धों में भी गुरुवार को ध्यान, करुणा और प्रज्ञा (ज्ञान) का प्रतीक माना जाता है। जैन परंपरा में यह दिन गुरु वंदना, ज्ञान, स्वाध्याय और संयम से जुड़ा माना गया है।इसी कारण गुरुवार से शुरू हुए नए साल को धर्म आध्यात्मिक और शुद्ध पूर्ण गतिविधियों के लिए विशेष माना जा रहा है. शास्त्री ने कहा साल की पहली ही तिथि पर गुरु प्रदोष व्रत का संयोग भी बना है ..भगवान विष्णु त्रिलोकीनाथ हैं-भूः, भुवः और स्वः-तीनों लोकों के स्वामी। वे समस्त सृष्टि के पालन, रक्षण एवं पोषणकर्ता हैं। जिनकी कृपा से धर्म की प्रतिष्ठा, जीवन की मर्यादा और आत्मा की शुद्धि संभव होती है। इस साल प्रभु की विशेष कृपा बनी रहेगी

## खबर संक्षेप

### तुलसी मंदिर मंदिरहसौद में होगा दो दिनी सत्संग



**मंदिर हसौद।** सदविप्र समाज सेवा के संस्थापक एवं दिव्य गुप्त विज्ञान के प्रणेता समय के सद्गुरु स्वामी श्री कृष्णानंद जी महाराज का छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में भव्य स्वागत हुआ। सदविप्र समाज सेवा छ.ग. के अध्यक्ष आचार्य हेमंत जी ने बताया की सदगुरुदेव जी 03जनवरी को सदगुरु धाम तुलसी (मंदिर हसौद) में आशीर्वचन देंगे जो. 2 बजे से व 4 जनवरी को सुबह 9 बजे से ब्रम्हदीक्षा होगा और उसके बाद 5 से 7 जनवरी को गुरुदेव जी का सत्संग कार्यक्रम ग्राम मुड़पार (सुरगी) में सम्पन्न होगा।

### ग्राम तूता में आज से मड़ई - मेला

**अभनपुर।** नया रायपुर ग्राम तूता मे 2 जनवरी शुक्रवार को समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से मंडई मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू,विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री चन्द्रशेखर साहू,पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू,भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज,जिपं.सदस्य पूजालोकमणी कोसले,जनपद अध्यक्ष चंनद्रिका जितेन्द्र बंजारे आदि प्रमुख लोग अतिथि के रूप मे सम्मिलित रहेगे। रात्रि मे छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति चिन्हारी लोक मंजीरा का सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होगा। उक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष व ग्राम पंचायत सरपंच भरत बैस द्वारा दी गई है।

### पलोटी स्कूल में एग्जीबिशन एवं फूड फेयर का आयोजन

**अभनपुर।** सेंट विंसेंट पलोटी स्कूल गातापार में साइंस एग्जीबिशन एवं फूड फेयर का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बीईओ श्रीमती धनेश्वरी साहू,विशिष्ट अतिथियों में हीरा लाल कॉलेज प्राचार्य डॉ. प्रदीप शुक्ला, एचओडी,विज्ञान विभाग प्रो. अरुण प्रकाश , संस्था प्रमुख एवं मैनेजर फादर संतोष बारा, प्राचार्य बसील कुजूर, श्रीमती मधु तिवारी एवं फा. आदम शामिल रहे। विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में जैविक खेती, एआई, चंद्रयान-3, रोबोटिक्स, सौर ऊर्जा व पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर मॉडल प्रदर्शित किए गए वही फूड फेयर में विद्यार्थियों द्वारा तैयार स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों ने सभी को आकर्षित किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की और अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## निधन

### शांति देवी भीखवानी

**तिल्दा नेवरा।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व. रामचंद भिखावानी की पत्नी श्रीमति शांति देवी भीखवानी का गुरुवार को निधन हो गया.उनका अंतिम संस्कार सार्वजनिक सिंधी मुक्तिधाम में किया गया। वे सुरेशकुमार भिखवानी. दिलीप भिखवानी.की माता एवं राजकुमार भिखवानी ,विजय भिखवानी की बड़ी माँ तथा योगेश एवं यश भिखवानी की दादी थी।



## नववर्ष : मंदिरों में लगा तांता, जगह-जगह भंडारा, खुशगवार वातावरण में मनाया नया साल

# मंदिरों में दर्शन और पूजन-पाठ के साथ किया नए वर्ष का स्वागत व अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

नव वर्ष की शुरुआत गुरुवार को उत्साह और उमंग के साथ हुई. लोगों ने नए वर्ष की शुरुआत भगवान के दर्शन और पूजन पाठ के साथ प्रारंभ की.सुबह से शाम तक मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही इसी के साथ दर्शनीय और पर्यटन स्थलों पर भीड़ देखी गई. गार्डन भी बच्चों की किलकारियों से गूंजते रहे .. पिकनिक का दौर पूरे हफ्ते भर तक चलेगा नए साल के दिन कई जगह भंडारे भी हुए..बड़े गुरु द्वारा में नए साल के आगमन को लेकर वाहगुरू का सिमरन किया गया .


नया साल नई उम्मीद और आशा लेकर आता है. जो यह विश्वास जगाता है कि, नया साल पिछले साल से बेहतर होगा और जो काम पिछले साल पूरे नहीं हो सके वह इस साल पूरे होंगे और सफलता हर हाल में मिलेगी .यही वजह है कि नए साल के पहले दिन की शुरुआत लोग मंदिरों से भगवान के दर्शन के साथ करते हैं, यहा भगवान के सामने सिर झुकाकर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना करते हैं और पूरे मनोयोग से मेहनत का संकल्प धारण करते हैं।



### धार्मिक और पर्यटक स्थलों में उत्सवी माहौल

गुरुवार सुबह से यह सिलसिला शुरू हो गया था, जो पूरे दिन जारी रहा .नूतन वर्ष अभिनंदन की स्वागत बेला में जहां एक दूसरे को लोग बधाई देते दिखे वही आनंद लुफ्त उठाने के लिए परिवार के साथ धार्मिक स्थलों और पर्यटक स्थलों पर पिकनिक मनाने में व्यस्त रहे . तिल्दा के सोमनाथ के पवित्र संगम स्थल के तट के ऊपर बने भगवान शिव जी के दिव्या शिवलिंग का लोगों ने दर्शन किया और बच्चों के साथ दिनभर पिकनिक मनाया.. लोगो ने नौका विहार का भी आनद लिया .सेंचुरी सीमेंट और तिल्दा नगर पालिका के गार्डन में दिनभर लोगो की भीड़ रही. खासकर बच्चों की किलकारियों दोनों गार्डन गुंजायमान होते रहे। नेवरा में स्थित खाटू श्याम मंदिर .महामाया मंदिर और राधा-कृष्ण मंदिर में दर्शनार्थियों का ताँता लगा रहा।





### पिकनिक का चलेगा दौर झूले भी झुलेंगे

ग्रामीण अंचलों के लोगों का कहना है कि नए साल का पहला दिन खुशियां मनाने का दिन है .ताकि पूरा साल जीवन में आनंद हो, आनंद रहे, और किसी प्रकार का गम जीवन में ना रहे .इसके लिए लोगों नेपहले से ही दर्शनीय और पर्यटन स्थलों पर जाकर पिकनिक मनाने और मस्ती करने की योजना तैयार कर ली थी. साथ ही झूले झूलले के साथ मनपसंद खाने को भी तैयारी कर रखी थी .. गुरुवारको जगह - जगह- हुए भंडारे में लोगों ने प्रसाद के रूप में भोजन ग्रहण किया संकट मोचन हनुमान मंदिर नेवरा, और बस स्टैंड के पास के मंदिर में भगवान की महा आरती की गई. इस मौके पर पंडितों ने सभी लोगो को नए वर्ष की बधाइयां देकर प्रसाद का वितरण किया ,भैरवगढ़ धाम में मेले जैसा माहोल रहा।

### युवाओं ने वृद्धाश्रम में नववर्ष मनाया केक काटे तथा फल व मिठाई बांटी



**आरंग।** सामाजिक युवाओं द्वारा नववर्ष के पर्व पर महासमुंद के माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वृद्धजन सेवा सदन आश्रम में जाकर वृद्धजनों से मिलकर उन्हें देखा कि किस तरह से उन लोगों का भरण-पोषण, सेवा, रहन-सहन तथा स्वास्थ्य की अच्छी देखभाल की जा रही है, जो कि बहुत ही सराहनीय कार्य है। संस्था निःस्वार्थ भाव से वृद्धजनों को एक नया जीवन दे रही है, जो कि एक सराहनीय कदम है, जिसमें संचालिका के साथ-साथ उनकी टीम की भी बहुत बड़ी भूमिका है, जिन्होंने एक सोच के साथ यह कदम उठाया है। साथ ही अंग्रेजी नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए सभी वृद्धजनों के साथ केक काटकर, फल एवं खाद्य सामग्री देकर खुशियाँ बाँटी गईं। ऐसी जगहों पर युवाओं की रुचि को बढ़ावा देने के लिए कुछ समय बिताकर सेवा भाव से जुड़ने का संदेश जन-जन तक पहुँचे और वृद्धजनों के लिए सभी के मन में सेवा भाव उत्पन्न हो, ऐसी सोच के साथ युवाओं ने नववर्ष में एक नई पहल की शुरुआत की। इस दौरान सभी ने वृद्धजनों से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में नववर्ष के अवसर पर प्रमुख रूप से महासमुंद में माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित वृद्धजन सेवा सदन की संचालिका उषा साहू, नंदकुमार साहू (कर्मा विद्यालय समोदा संचालक), भूषण साहू (सामाजिक कार्यकर्ता), पोषण साहू (पूर्व सरपंच खमतराई), डॉ. राजू साहू (राव हॉस्पिटल संचालक), नरेंद्र साहू, सन्नी साहू, कमलेश वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, तनुज चंद्राकर (सामाजिक कार्यकर्ता) सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आवश्यक सामग्री एवं फ्रिज हेतु अनुदान राशि प्रदान की।

### बाराडेरा में तीन दिनी गुरु दर्शन मेल आज से



**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित बारा डेरा तुलसी में गुरु अमर दास दर्शन मेला जो छेरछेरा पुन्नी में 3 दिवसीय लगने वाले गुरू दर्शन मेला का 2 जनवरी को दीप प्रज्वलित कर गुरु आसान परिवर्तन के साथ मेला का शुभारंभ करेंगे जहां चौंक आरती के साथ गुरु अमर दास का भजन गण किया जाएगा। जिसकी तैयारी में गुरु अमर दास संत संघ समिति जुटे हुए है।बैठक वही गुरु दर्शन मेला में मुख्य अतिथि विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन सानिध्य एवं मार्गदर्शन गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री अध्यक्षता नारायण प्रसाद कुर्रे मेला समिति अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि अनुज शर्मा धरसीवां विधायक और स्थानीय जन प्रति निधि सम्मिलित होंगे । जहां मेला में पंथी मंगल भजन के साथ ही अमित कोसले शिवा जागड़े द्वारा सांस्कृतिक लोक कला मंच की प्रस्तुति देंगे। जहां मेला के तैयारी में नारायण प्रसाद कुर्रे सावल दास डहरिया राजमहंत ,विजय डहरिया राजमहंत बिरेंद्र कोसले महासचिव, जनक लाल खेलवार सर्वाकार लक्ष्मण घृतलहरे ,टामेश बघेल, , नरेंद्र कुर्रे जनपद प्रतिनिधि आरंग, घससु घृतलहरे , बिसत घृतलहरे, , पुरुषोत्तम कुर्रे जगत खंडेलवाल लोकेश खेलवार लला घृतलहरे विनेश बांधे पारस कोसले हिमांशु खेलवार सत्यप्रकाश बांधे और अन्य समाज के लोग जुटे हुए हैं।

पेज 11 के शेष...

### नए साल में मंदिर दर्शन...

संख्या में लोग श्री राम मंदिर दर्शन करने पहुंचे। इसके कारण ट्रैफिक पुलिस को रोड क्लीयर कराने मशक्कत करनी पड़ी। कुछ ऐसा ही हाल महादेव घाट रोड का रहा। महादेव घाट रोड में मंदिर जाने वालों के साथ अमलेश्वर तथा अन्य जगह से कामकाजी लोगों की आवाजाही होने की वजह से दोपहर तक लोग जाम में फंसते रहे। शाम के समय भारी संख्या में लोग नए साल के उपलक्ष्य में महादेव घाट एनिकट सैर करने के लिए पहुंचे। शाम के समय थोड़ी राहत जरूर थी, लेकिन ट्रैफिक रुक-रुक कर चल रहा था।

### कंपकंपाएगी जनवरी... 48 घंटे बाद...

2026 के पहले दिन प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहा। वर्षा के आंकड़े निरंक रहे, लेकिन शुक्रवार को प्रदेश में एक-दो स्थानों पर अति हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और उससे सटे पंजाब के ऊपर औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर एक ऊपरी हवा के चक्रवाती सर्कुलेशन के रूप में है, जिसके साथ मध्य और ऊपरी ट्रोपोस्फेरिक स्तर पर एक ट्रफ है, जिसका अक्ष औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर है। इन परिस्थितियों के कारण हल्की बारिश की स्थिति निर्मित हुई है।

<B>दो दिन बाद भी बारिश <B>

प्रदेश में एक-दो स्थानों में दो दिन बाद भी अति हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। इसके चलते एक-दो पॉकेट में घना कोहरा रहने की संभावना है। राजधानी में आज धुंध छाए रहने की संभावना है। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक 28.9 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री कम 12.9 डिग्री रहा। माना का अधिकतम तापमान रायपुर से अधिक 29.6 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान शहर से कम 11.4 डिग्री दर्ज हुआ।

### चार माह मशक्कत के बाद भरी...

गया था। उन्हें किसी एक ही महाविद्यालय का चुनाव करना था। किसी भी महाविद्यालय में पूर्व में प्रवेश प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी का नाम आबंटन प्रक्रिया में नहीं आया। इसी प्रकार जिनका नाम पूर्व सूची में आया था, परन्तु उन्होंने प्रवेश नहीं लिया उनके भी आवेदन पर विचार नहीं किया गया। जिन अभ्यर्थियों का नाम इस सूची में आएगा, उनके लिए आबंटित महाविद्यालय में प्रवेश लेना अनिवार्य किया गया अन्यथा उन्हें प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। कड़े नियमों के मध्य काउंसिलिंग के जरिए सीटें भरने एससीईआरटी अंततः कामयाब रहा।

<B>इसलिए विलंब <B>

शिक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, इस वर्ष बीएड-डीएलएड में दिलचस्पी कम होने के पीछे कई वजहें रही हैं। युक्तियुक्तकरण के बाद प्रदेश में शिक्षकों के पद समाप्त हो गए। इसके अलावा पहली से पांचवी तक केवल डीएलएड उपाधिधारक को ही मान्यता प्रदान करने संबंधित आदेश जारी होने के चलते भी छात्र बीएड से कतराने लगे। इनके साथ ही निजी महाविद्यालयों द्वारा वसूली जाने वाली अधिक फीस भी सीट शीघ्रता से ना भरने का कारण बनी।

### अपने स्तर पर व्यवस्था करेंगे...

महाविद्यालयों की सीटें शुरुआती चरणों में ही भर गई थीं। दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित निजी महाविद्यालयों की सीटें ही अंतिम चरण में भरी गईं।

## टेकारी की अवैध प्लाटिंग पर पंचायत ने चलाया बुलडोजर

**सिलयारी।** ग्राम पंचायत टेकारी में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ पंचायत प्रतिनिधित्व ने सख्त रुख अपनाया है। लगातार हो रहे अवध प्लाटिंग को चिह्नित कर ध्वस्तिकरण की कार्रवाई की जा रही है। टेकारी सरपंच चंद्रकांत वर्मा बताया कि बुधवार को खसरा नंबर 178/1 और 178/2 के अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की गई। किशन पटेल तथा पिंटू कामड़े निवासी दलदल सिवनी द्वारा अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है। इन दोनों द्वारा कृषि योग्य खसरा भूमि में भोले भाले किसानों को लालच एग्रीमेंट कराकर किसानों की जमीन सस्ते दामों पर खरीदकर बिना नक्शा पास कराए या लेआउट बनवाए प्लाटिंग कर रहे हैं। जो पूरी तरह से अवैध है। सरपंच चंद्रकांत वर्मा ने लोगों से अपील की है। कि वे ऐसी जमीन पर प्लॉट न खरीदें, जिसका नक्शा पास न हो, ताकि उनकी गाढ़ी कमाई बर्बाद न हो। जबकि भूमाफिया अवैध प्लाटिंग के जरिए सरकार को भी चूना लगा रहे हैं। जिसमें स्टांप चोरी और लेआउट व नक्शे की मंजूरी न लेना शामिल है। इस कार्यवाही के दौरान हरीश धीवर उप सरपंच टेकारी , पंच गीता साहू, चंद्रप्रकाश मेहरे, सरोज शर्मा, अशोक वर्मा, उषा वर्मा, चुकेश्वरी वर्मा, दुर्गा साहू,आरती धीवर, पूर्णिमा ठाकुर,पप्पू निर्मलकर,आर.के वर्मा, लोमन चंद्राकर,सोमन धीवर, हीरेंद्र चतुर्वेदी, सोमन धीवर,फुलेश्वरी कुर्रे, गिरीश शर्मा खूबचंद धीवर ओम प्रकाश सोनवानी आदि उपस्थित थे।

### टेकारी विद्यालय में आज वार्षिकोत्सव

**आरंग।** विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय आरंग के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकारी (कुंडा) के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में उच्चतर, उच्च, पूर्व माध्यमिक, प्राथमिक व आईटीआई के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

## किसान कांग्रेस ने धान खरीदी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा किसानों के हितों की रक्षा और धान खरीदी प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए लगातार मैदानी स्तर पर संघर्ष किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश किसान कांग्रेस के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र वर्मा ने क्षेत्र के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का सघन दौरा कर भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने समिति प्रबंधकों और केंद्र में मौजूद किसानों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। महामंत्री धर्मेंद्र वर्मा ने निनवा, किरना, टंड़वा, ताराशिव, भींभौरी, टोहड़ा और देवरी (रजिया) सहित अन्य केंद्रों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि अधिकांश केंद्रों में धान का उठाव समय पर नहीं होने के कारण फड़ में जगह की कमी हो गई है। वहीं, एग्रीस्टेक पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों के कारण किसानों के पंजीकरण में आ रही बाधाएं अब भी बड़ी समस्या बनी हुई हैं। निरीक्षण दल ने पाया कि कई केंद्रों पर धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने और समय सीमा में वृद्धि करने की तत्काल आवश्यकता है।



### केंद्रों की स्थितिः प्रबंधकों ने जताई चिंता

दौरे के दौरान टोहड़ा केंद्र के प्रबंधक कान्हा वर्मा ने बताया कि कई किसान पंजीकरण (एग्रीस्टेक) की प्रक्रिया पूरी न होने के कारण दर-दर भटक रहे हैं। वहीं टंड़वा समिति प्रबंधक राजेश वर्मा ने स्पष्ट किया कि धान का उठाव ठप होने की वजह से केंद्रों में अब धान रखने की जगह शेष नहीं बची है, जिससे आने वाले दिनों में खरीदी प्रभावित हो सकती है।

## समोदा व भानसोज में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने की मांग तेज

**आरंग।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक आरंग शाखा में किसानों के 50 हजार के आस पास खाते संचालित हैं। आसपास के ग्रामीण अंचलों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान बैंकिंग कार्यों के लिए आरंग पहुंचते हैं। किसानों की संख्या अधिक होने के कारण बैंक परिसर के बाहर हमेशा भारी भीड़ देखने को मिलती है। इससे किसानों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है और पूरा दिन बैंक के चक्कर में निकल जाता है। ग्रामीण किसानों का कहना है कि उन्हें अपने खेत, पशुधन और अन्य कृषि कार्य छोड़कर दूर से बैंक आना पड़ता है। कई बार तो देर शाम तक बैंक से काम निपटता है और रात में घर लौटना पड़ता है, जिससे सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी रहती है।



विशेषकर बुजुर्ग किसानों और महिलाओं को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। किसानों और ग्रामीणों ने जिला सहकारी बैंक प्रबंधन से ग्राम समोदा और भानसोज में नई बैंक शाखा खोलने की मांग की है। इन दोनों ग्रामों के आसपास बड़ी संख्या में किसान निवास करते हैं, जिनके खाते वर्तमान में आरंग शाखा में संचालित हैं। यदि इन गांवों में बैंक शाखा खुलती है तो न केवल किसानों को राहत मिलेगी।

## अधिक मास के चलते आएगी 26 एकादशी, 14 संकष्टी और 13 विनायक चतुर्थी का संयोग

# 2026 में जनवरी से दिसंबर तक शादी के लिए कुल 59 शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

नए साल 2026 जहां कई ग्रहों के गोचर से अनेक अवसर पैदा करेगा वही शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए भी अनेक अवसर लेकर आ रहा है। नए साल में शादी विवाह के लिए शुभ मुहूर्त की संख्या सामने आ गई है. पंचांग के अनुसार अंग्रेजी कैलेंडर 2026 में 5 फरवरी से 12 दिसंबर के बीच विवाह के कुल 59 शुभ मुहूर्त बन रहे हैं . जबकि चातुर्मास और अधिक मास के कारण कुछ महीने मांगलिक कार्य बंद रहेंगे।

ज्योतिषाचार्य पंडित संतोष शर्मा के अनुसार फरवरी से दिसंबर के बीच मांगलिक कार्यों के कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं. तिथियां को जोड़ने पर फरवरी में दिसंबर 2026 के बीच कुल 59 शुभ मुहूर्त बना रहे हैं।



### पुरुषोत्तम मास तब लगता है

पंचांग के अनुसार जब सूर्य और चंद्र ग्रह अपनी चाल बदलते हैं तो अधिक मास लगता है . इसके कारण पंचांग में 12 महीने की जगह 13 महीना जुड़ जाता है .अधिक मास को पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है जो ढाई साल से तीन साल के बीच लगता है संतोष शर्मा के बताए अनुसार अधिक मॉस 17 मई 2026 से 15 जून 2026तक्क रहेगा।.

### इन महीने में शुभ मुहूर्त

फरवरी 2026 में 5, 6 ,8 ,10 ,12 ,14, 19 ,20 ,21 ,24, 25 26 सहित कुल 12 मुहूर्त मार्च 2026 में 1,3,4.7.8.9 .11. 12 सहित कुल 8 मुहूर्त ..अप्रैल 2026 में 15, 20, 21, 25. 26 .27. 28 .29 सहित कुल आठ मुहूर्त... मई मैं 2026 में 1,3,5,6,7,8 ,13 ,14 सहित कुल 6 मुहूर्त.. जून 2026 में 21. 22 .23 .24. 25 26. 27. 29 सहित कुल 8 मुहूर्त -जुलाई 2026 में 1,6,7, 11 सहित कुल चार मुहूर्त... नवंबर 2026 में 21.24 .25. 26 सहित कुल चार मुहूर्त और दिसंबर 2026 में 2,3,4,5,6,11 ,12 सहित कुल 7 मुहूर्त साल 2026 में सबसे ज्यादा 12 मुहूर्त फरवरी महीने और सबसे कम चार-चार मुहूर्त जुलाई और नवंबर में है। इस साल शादी विवाह के कुल 59 मुहूर्त है अधिक मास के चलते आएगी 26 एकादशी 14 संकष्टी और 13 विनायक चतुर्थी का संयोग है

**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भः-** जिला - रायपुर तहसील - अभनपुर प.ह.न. - 00021 अभनपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526441630800046

**ईश्तहार**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00021 के अंतर्गत ग्राम अभनपुर के वर्तमान भूमिस्वामी बालाराम पिता/पति-पिता सुखीराम पता स देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1110/3(0.0810) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता राजू उर्फ कुलेश्वर साहू पिता/पति - लाला राम साहू पता रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/01/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार : SITA SHUKLA**
**तहसील अभनपुर**

## निधन

### ओमप्रकाश छाबरिया



रायपुर। प्रियदर्शिनी नगर निवासी ओमप्रकाश छाबरिया का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सीएल छाबरिया, गोपाल छाबरिया के भाई थे।

### कमला बाई रायसोनी



रायपुर। लक्ष्मी नगर निवासी कमला बाई रायसोनी का 1 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2 जनवरी को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे अमित, संजय रायसोनी की माता थीं।

### गीता देवी गौड़



रायपुर। न्यू पंचशील नगर निवासी गीता देवी गौड़ का 1 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे श्याम सुंदर और राजेंद्र की माता थीं।

### मोहम्मद समी



रायपुर। छोटापारा ब्रिस्टल चौक निवासी मोहम्मद समी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 जनवरी को मौदहापारा कब्रिस्तान में किया गया। वे अब्दुल अजीज सोनार के बेटे, हाजी हनीफ कव्वाल के दामाद और मोहम्मद सोहेल और मोहम्मद यूसुफ के पिता थे।

# शहर में कई थाना क्षेत्र में बढ़ी आपराधिक घटनाएं, थाने का घेराव के बाद भी पेट्रोलिंग बढ़ी नहीं

**ज्यादा घटनाएं डीडीनगर, उरला, सरस्वतीनगर, मोवा, गुढ़ियारी, आजाद चौक, आमानाका थाना क्षेत्रों में बढ़ी हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर के कई वार्डों में नशाखोरी, अवैध शराब बिक्री, चाकूबाजी सहित अन्य आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिसके कारण लोगों में भी अब असामाजिक तत्वों का खौफ देखा जा रहा है। सबसे ज्यादा आपराधिक घटनाएं डीडीनगर, उरला, सरस्वतीनगर, कबीर नगर, मोवा, गुढ़ियारी, आजाद चौक, आमानाका, टिकरापारा, राजेंद्रनगर थाना क्षेत्रों में बढ़ी हैं। इन इलाकों में ऐसे कई मोहल्ले-बस्तियां हैं, जहां आए दिन कोई न कोई आपराधिक घटनाएं होते रहती हैं।इन क्षेत्रों में ज्यादातर घटनाएं रात के समय में होती हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन थाना क्षेत्रों में रात के समय में पुलिस पार्टी किस तरह से पेट्रोलिंग कर रही है। शहर के वार्ड क्रमांक-67 भक्त माता कर्मा वार्ड अंतर्गत चंगोराभाठा में कुछ दिनों पूर्व एक 8 वर्ष के बालक पर चाकू से हमला की घटना के बाद वार्ड के पार्षद ममता तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पैदल मार्च कर डीडी नगर थाने का घेराव किया था। इस घेराव के दौरान लोगों ने थाने के सामने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और फिर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की थी। इस दौरान पार्षद ने थाना प्रभारी से रात के समय में पेट्रोलिंग बढ़ाए जाने की मांग भी की थी, ताकि आसामाजिक तत्वों तथा अपराधिक घटनाओं पर लगाम लग सके।

### बालक पर चाकू से हमला के बाद भड़के वार्डवासी

वार्ड पार्षद ममता तिवारी ने बताया कि एक 8 वर्ष के बच्चे को असामाजिक तत्वों ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस क्षेत्र में यह घटना पहली बार नहीं हुई है। इससे पहले भी यहां इस तरह की कई बार घटनाएं हो चुकी है। उन्होंने कहा कि चंगोराभाठा सहित आसपास लगे मोहल्लों में भी कई चौक-चौराहों पर देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। पुलिस पार्टी द्वारा लगातार पेट्रोलिंग नहीं किए जाने के कारण असामाजिक तत्वों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब दिन के समय में भी अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।



### घेराव के बाद भी पेट्रोलिंग बढ़ाई नहीं गई

इस घटना को लेकर थाने का घेराव किए जाने के बाद भी इस क्षेत्र में अभी तक पुलिस की पेट्रोलिंग बढ़ाई नहीं गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात के समय में अभी भी कई चौक-चौराहों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग रहा है।

नशे में धुत्त पीयूष झा ने अपने छोटे भाई के सिर पर गोली मारकर हत्या की थी

# भाई की गोली मारकर हत्या करने के चर्चित मामले में बड़े भाई को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- घटना दो वर्ष पूर्व विधानसभा थाना क्षेत्र की

विधानसभा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व बड़े भाई द्वारा अपने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या करने के चर्चित मामले में कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश सुबोध मिश्रा की कोर्ट में हुई। हत्या की घटना सफायर ग्रीन में हुई थी। आरोपी को कोर्ट ने उसकी मां के बयान के आधार पर सजा सुनाई है।

अपर लोक अभियोजक बसंत गोड के अनुसार कोर्ट ने पराग झा की हत्या करने के आरोप में पीयूष झा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश डायरी के अनुसार घटना के समय पीयूष नशे में धुत्त था। मामूली विवाद होने पर पीयूष ने अपने भाई के सिर पर मेड इन इटली लिखे पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या की घटना केयर टेकर द्वारा भोजन देकर जाने के बाद हुई थी। पीयूष तथा उसका भाई पुलिस विभाग में ड्रोन सप्लाई करने का काम करते थे। पीयूष के पास पिस्टल रखने की कोई वैधानिक अनुमति नहीं थी।




### वीडियो कॉल कर हत्या की दी थी जानकारी

पीयूष को उसकी मां शांता झा तथा केयर टेकर मनोज साहू के बयान के आधार पर कोर्ट ने सजा सुनाई है। शांता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पराग की हत्या करने के बाद पीयूष ने कॉल कर उसे अपने भाई के मरने की जानकारी दी। बेटे की मौत की बात सुन शांता अपने केयर टेकर मनोज के साथ पीयूष के घर जाने के लिए निकलने की तैयारी कर ही थी। इसी दौरान पीयूष ने अपनी मां को पुनः वीडियो कॉल कर पराग की लाश दिखाते हुए कहा कि ले देख अपने बेटे की लाश उसकी मैंने गोली मारकर हत्या कर दी है।

### रिश्ता टूटने से डिप्रेशन में था

मृतक की मां ने पुलिस को बताया था कि उसके बेटे पीयूष की दिसंबर 2023 में एक युवती के साथ शादी तय हुई थी। शादी तय होने के बाद युवती के परिजनों ने शादी करने से इनकार कर दिया। इस बात से पीयूष डिप्रेशन में आ गया और शराब पीने लगा। शराब पीने के बाद पीयूष अपने भाई के साथ झगड़ा करने के साथ मारपीट करता था। उसी डिप्रेशन के चलते पीयूष ने अपने भाई की गोली मारकर हत्या की थी।

# ऑयल पाम की खेती पर अनुदान के अतिरिक्त मिलेगी टॉपअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों की आर्थिक समृद्धि को देखते हुए ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ा निर्णय लिया है। इसके तहत ऑयल पाम की खेती करने वाले किसानों को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अनुदान के अलावा राज्य सरकार टॉपअप के रूप में अतिरिक्त अनुदान दे रही है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम के प्रयास से ऑयल पॉम की खेती छत्तीसगढ़ में जोर पकड़ने लगी है। सरकार की इन नीतिगत फैसलों से ऑयल पाम की खेती के लिए किसान आकर्षित हो रहे हैं।

उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयल पाम के तहत चार घटकों में राज्य शासन द्वारा अतिरिक्त अनुदान दिए जाने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार किसानों को खेती के रख रखाव, अंतरवर्तीय फसल, ड्रिप एवं फेंसिंग के लिए टॉप अप के रूप में अतिरिक्त अनुदान प्रदाय किया जाएगा। फेंसिंग के अतिरिक्त तीन घटकों में केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा पूर्व से ही अनुदान प्रदाय किया जा रहा है।

### केंद्र और राज्य दे रही अनुदान

योजना के तहत पहले केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा (60:40 के अनुपात में) अनुदान दिए जा रहे हैं। इसके तहत 1.30 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर के अनुदान के साथ अब राज्य सरकार द्वारा राशि 69,620 रुपए का अतिरिक्त अनुदान चालु वित्तीय वर्ष 2025-26 से देने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत रख-रखाव के लिए 10,500 रुपये प्रति हेक्टेयर के इकाई लगत पर 5250 रुपये का अनुदान पूर्व से दिया जा रहा था, जिसके अतिरिक्त अब 1500 रुपये टॉप अप के रूप में राज्य शासन द्वारा अनुदान प्रदाय किया जाएगा। इसी तरह अंतरवर्तीय फसल लेने पर 10,500 रुपये प्रति हेक्टेयर के इकाई लगत पर 5250 रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान पूर्व से दिया जा रहा था, जिसके अतिरिक्त अब 5000 रुपये प्रति हेक्टेयर टॉप अप के रूप में अनुदान प्रदाय किया जाएगा।

### प्रति हेक्टेयर 54 हजार से अधिक अनुदान

योजना के अंतर्गत ड्रिप इरिगेशन के लिए 31,399 रुपये के इकाई लगत पर 14,130 रुपये प्रति हेक्टेयर का अनुदान पूर्व से दिया जा रहा था जिसके अतिरिक्त अब 8,635 रुपये प्रति हेक्टेयर टॉप अप के रूप में अनुदान देने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अब फेंसिंग पर भी अनुदान देने का प्रावधान किया गया है।

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ बड़ौदा देवपुरी शाखा के नए परिसर का उद्घाटन आज

**रायपुर**। बैंक ऑफ बड़ौदा की देवपुरी शाखा का स्थानांतरण नए पते निताश आर्केड, अमलीडीह मोड़, मेनरोड, देवपुरी, रायपुर में किया गया है। शाखा के इस नवीन परिसर का उद्घाटन आज 2 जनवरी 2026 को आयोजित है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक दिवाकर पी. सिंह होंगे। इस अवसर पर रायपुर क्षेत्र के उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख किसलय प्रसाद, उप क्षेत्रीय प्रमुख प्रदीप कुमार यादव, बैंक के अधिकारी व कर्मचारी, स्थानीय नागरिक तथा बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान दिवाकर पी. सिंह ग्राहकों से सीधे संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को भी जानेंगे। देवपुरी शाखा का नया परिसर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जहां पूर्व की भांति सभी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। बैंक का उद्देश्य ग्राहकों को अधिक तेज, सरल और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव प्रदान करना है।



### रायपुर में श्री अमृतम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बना भरोसेमंद इलाज का केंद्र

**रायपुर**। पचपेड़ी नाका क्षेत्र में स्थित श्री अमृतम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और अनुभवी चिकित्सकों की सेवाओं के कारण मरीजों के लिए भरोसेमंद इलाज का केंद्र बनकर उभरा है। 100 बिस्तरों की क्षमता वाला यह अस्पताल उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हुए क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। अस्पताल में न्यूरोसर्जरी, रीढ़ की हड्डी के ऑपरेशन, गले एवं मुंह की सर्जरी, हड्डी रोग उपचार, सामान्य सर्जरी, क्रिटिकल केयर सहित ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हैमरेज, सिरदर्द, माइग्रेन तथा किसी भी प्रकार के दर्द के इलाज की समुचित सुविधाएं उपलब्ध हैं। अत्याधुनिक मशीनों और आधुनिक तकनीक से लैस यह अस्पताल गंभीर रोगों के उपचार में विशेष रूप से सक्षम है। एनएबीएच से मान्यता प्राप्त श्री अमृतम हॉस्पिटल में समस्त टीपीए के माध्यम से कैशलेस इलाज की सुविधा भी उपलब्ध है। अस्पताल का उद्देश्य आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है।



### नवकार हॉस्पिटल ने न्यूरो सर्जरी में रचा नया कीर्तिमान

**रायपुर**। रायपुर स्थित नवकार हॉस्पिटल ने न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अस्पताल में प्रख्यात न्यूरो सर्जन डॉ. राजेश जैन के नेतृत्व में वर्ष 2025 तक तीन वर्षों का सफल चिकित्सकीय कार्यकाल पूर्ण किया गया, जिसके दौरान कई जटिल और गंभीर न्यूरो रोगों का सफल उपचार संभव हो सका। डॉ. राजेश जैन को क्षेत्र के अग्रणी न्यूरो सर्जनों में गिना जाता है। उनके द्वारा मस्तिष्क ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज, रीढ़ की हड्डी की गंभीर बीमारियां, नसों से संबंधित जटिल विकारों सहित अनेक चुनौतीपूर्ण मामलों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई है। समय पर सटीक निदान और आधुनिक सर्जिकल तकनीकों के माध्यम से उन्होंने कई मरीजों को नई जीवन आशा प्रदान की है। नवकार हॉस्पिटल में न्यूरो सर्जरी सेवाएं प्रारंभ होने के बाद से अब तक बड़ी संख्या में ऐसे मरीजों का इलाज स्थानीय स्तर पर संभव हो सका है, जिन्हें पहले उपचार के लिए बड़े महानगरों में रेफर किया जाता था। इससे मरीजों को आर्थिक और मानसिक राहत मिली है।






### नारी शक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन




**रायपुर**। शहर की प्रमुख शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्था युवा द्वारा संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन के सहयोग से 'शक्ति और युवा – नारी शक्तिः संकल्प, संघर्ष और सफलता' विषय पर एक भव्य सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबसन यादव, कबीर संत रविकर साहेब, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी, बीएमओ विजयलक्ष्मी, डॉ. विकास अग्रवाल एवं एनयूएलएम की सामुदायिक संगठक तरला सोनी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 200 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। साथ ही स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संदेश और सामाजिक जागरूकता के संकल्प के साथ हुआ।

### 50% रोड टैक्स छूट के साथ 9वां राडा ऑटो एक्सपो 20 जनवरी से

**रायपुर**। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राडा ऑटो एक्सपो–2026 के दौरान वाहनों पर रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की विशेष छूट दिए जाने पर आभार जताया है। राडा ने इसे ऑटोमोबाइल उद्योग और उपभोक्ताओं दोनों के लिए ऐतिहासिक निर्णय बताया। राडा ने अपने 9वें राडा ऑटो एक्सपो–2026 के आयोजन की घोषणा की है, जो 20 जनवरी से 5 फरवरी 2026 तक रायपुर में आयोजित होगा। राडा अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी और मंत्री केदार कश्यप के सहयोग से यह छूट संभव हुई है, जिससे वाहन खरीदना आम जनता के लिए आसान होगा। राडा पदाधिकारियों ने बताया कि एक्सपो में देश-विदेश की प्रमुख कंपनियों के नवीनतम वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन प्रदर्शित होंगे। फाइनेंस, इंश्योरेंस और ऑन-द-स्पॉट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। पूर्व पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस बार बिक्री और राजस्व के पुराने रिकॉर्ड टूटेंगे। राडा ने जनता से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं।



# टोकन नहीं मिलने पर आक्रोशित किसानों ने धान खरीदी केंद्र में की तालाबंदी, आंदोलन भी

**रायपुर**। टोकन नहीं कटने और धान खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ाए जाने के विरोध में बुधवार को किसानों ने खौना स्थित धान खरीदी केंद्र में तालाबंदी कर दी। किसानों के इस आंदोलन में कांग्रेस के पूर्व रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा सहित कांग्रेस नेता धरने पर बैठ गए। 3 घंटे प्रदर्शन कर किसानों ने नायब तहसीलदार खरोरा को अल्टीमेटम ज्ञापन सौंपकर आगाह किया कि 24 घंटे में अगर लिमिट नहीं बढ़ी तो बलौदबाजार मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन कर चक्काजाम करेंगे। इस पर नायब तहसीलदार ने जल्द लिमिट बढ़ाने का भरोसा दिलाया है। पूरे प्रदेश में धान खरीदी में अव्यवस्था का आलम है, लेकिन समिति प्रभारी, शाखा प्रबंधक, कलेक्टर के पास लिमिट बढ़ाने मांग करता रहा, लेकिन लिमिट नहीं बढ़ाई, अब तीनों गांवों के किसान संयुक्त बैठक कर आगामी 2 जनवरी को सारागांव में प्रदर्शन कर चक्काजाम के लिए लामबंद हो रहे है। इस मौके पर किसान नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन की हठधर्मिता किसान विरोधी है, पूरी जानकारी होने के बाद भी लिमिट नहीं बढ़ाने का कारण किसानों को परेशान करना है, किसानों की मांग जायज है, अगर 24 घाटे में मांग पूरी नहीं होती तो हम किसानों के साथ आंदोलन करने बाध्य होगे।

# दलदल सिवनी के पीएम आवास 203 में पेयजल समस्या का होगा समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- 3 लाख 85 हजार की लागत से बिछेगी नई पाइप लाइन
- एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन ने किया भूमिपूजन

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड स्थित दलदल सिवनी में प्रधानमंत्री आवास योजना 203 में रहने वालों को अब पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। रहवासियों की पेयजल समस्या का निराकरण करने नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। 3 लाख 85 हजार की लागत से जल्द नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू होगा। इस कार्य का भूमिपूजन गुरूवार को वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन वार्डवासियों की उपस्थिति में किया।

दलदल सिवनी के प्रधानमंत्री आवास योजना 203 में पानी की समस्या के चलते लोगों की प्यास बुझाने नगर निगम से पानी टैंकर की जरूरत पड़ती थी। हालांकि यहां पेयजल के लिए बोरवेल की सुविधा उपलब्ध है, पर गर्मी के दिनों में बोरवेल से पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लोगों को पेयजल के लिए परेशानी होती थी। इसे देखते हुए नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। वार्ड पार्षद खेमकुमार सेन ने जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता संदीप तिवारी और उप अभियंता आशुतोष पांडे को स्वीकृति अनुसार नई पाइप लाइन बिछाने का कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से करवाने निर्देश दिए। इस मौके पर खेमलाल कोसले सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष

### नए साल में मंदिर दर्शन...

संख्या में लोग श्री राम मंदिर दर्शन करने पहुंचे। इसके कारण ट्रैफिक पुलिस को रोड क्लीयर कराने मशक्कत करनी पड़ी। कुछ ऐसा ही हाल महादेव घाट रोड का रहा। महादेव घाट रोड में मंदिर जाने वालों के साथ अमलेश्वर तथा अन्य जगह से कामकाजी लोगों की आवाजाही होने की वजह से दोपहर तक लोग जाम में फंसते रहे। शाम के समय भारी संख्या में लोग नए साल के उपलक्ष्य में महादेव घाट एनिकट सैर करने के लिए पहुंचे। शाम के समय थोड़ी राहत जरूर थी, लेकिन ट्रैफिक रुक-रुक कर चल रहा था।

### कंपकंपाएगी जनवरी...

2026 के पहले दिन प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहा। वर्षा के आंकड़े निरंक रहे, लेकिन शुक्रवार को प्रदेश में एक-दो स्थानों पर अति हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और उससे सटे पंजाब के ऊपर औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर एक ऊपरी हवा के चक्रवाती सर्कुलेशन के रूप में है, जिसके साथ मध्य और ऊपरी ट्रोपोस्फेरिक स्तर पर एक ट्रफ है, जिसका अक्ष औसत समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर है। इन परिस्थितियों के कारण हल्की बारिश की स्थिति निर्मित हुई है।

**दो दिन बाद भी बारिश** –प्रदेश में एक-दो स्थानों में दो दिन बाद भी अति हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। इसके चलते एक-दो पॉकेट में घना कोहरा रहने की संभावना है। राजधानी में आज धुंध छाए रहने की संभावना है। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री अधिक 28.9 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री कम 12.9 डिग्री रहा। माना का अधिकतम तापमान रायपुर से अधिक 29.6 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम तापमान शहर से कम 11.4 डिग्री दर्ज हुआ।

### चार माह मशक्कत ...

गया था। उन्हें किसी एक ही महाविद्यालय का चुनाव करना था। किसी भी महाविद्यालय में पूर्व में प्रवेश प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी का नाम आबंटन प्रक्रिया में नहीं आया। इसी प्रकार जिनका नाम पूर्व सूची में आया था, परन्तु उन्होंने प्रवेश नहीं लिया उनके भी आवेदन पर विचार नहीं किया गया। जिन अभ्यर्थियों का नाम इस सूची में आएगा, उनके लिए आबंटित महाविद्यालय में प्रवेश लेना अनिवार्य किया गया अन्यथा उन्हें प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया। कड़े नियमों के मध्य काउंसिलिंग के जरिए सीटें भरने एससीईआरटी अंततः कामयाब रहा।

**इसलिए विलंब**–शिक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, इस वर्ष बीएड-डीएलएड में दिलचस्पी कम होने के पीछे कई वजहें रही हैं। युक्तियुक्तकरण के बाद प्रदेश में शिक्षकों के पद समाप्त हो गए। इसके अलावा पहली से पांचवी तक केवल डीएलएड उपाधिधारक को ही मान्यता प्रदान करने संबंधित आदेश जारी होने के चलते भी छात्र बीएड से कतराने लगे। इनके साथ ही निजी महाविद्यालयों द्वारा वसूली जाने वाली अधिक फीस भी सीट शीघ्रता से ना भरने का कारण बनी।

### अपने स्तर पर ...

महाविद्यालयों की सीटें शुरुआती चरणों में ही भर गई थीं। दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित निजी महाविद्यालयों की सीटें ही अंतिम चरण में भरी गईं।

## खबर संक्षेप



### नेता प्रतिपक्ष आकाश ने नाले की कराई सफाई

**रायपुर।** राजधानी के 5 वार्डों के बीच स्थित राजातालाब के समीप अरमान नाला की नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने गुरुवार को सफाई करवाई। नाले में गंदगी और उससे उठने वाली बदबू से लोग परेशान थे, नाला सफाई की मांग की जा रही थी। जन शिकायत के बाद नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने जेसीबी नाले में उतरवाकर नाले की सफाई कराई। नाले की सफाई एक अरसे से नहीं होने से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ था, पर अब उसकी सफाई कराने से वार्डवासियों को राहत मिलेगी।

### साहित्यकार पंकज और महेंद्र का 'शब्दाक्षर' सम्मान के लिए चयन

**रायपुर।** राष्ट्रीय शब्दाक्षर संस्था और शब्दाक्षर प्रदेश समिति छत्तीसगढ़ द्वारा सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 4 जनवरी को शब्दाक्षर सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही साहित्य संगोष्ठी और कवि सम्मेलन कार्यक्रम भी होगा। शब्दाक्षर प्रदेश समिति छत्तीसगढ़ ने प्रदेश के दो प्रतिष्ठित साहित्यकार गिरीश पंकज और डॉ. महेंद्र कुमार ठाकुर को 'शब्दाक्षर' सम्मान से विभूषित करने के लिए चुना है। यह सम्मान राष्ट्रीय फलक पर चर्चित बहु पाठक संख्या वाले राष्ट्रवादी व सामाजिक सरोकार वाले हिंदी भाषा के लेखकों को दिया जाता है। शब्दाक्षर प्रदेश समिति छग के अध्यक्ष कुमार जगदलवी सुनील ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ ग्रंथ अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा और चार्टर्ड अकाउंटेंट व समाजसेवी अमित चिमनानी होंगे।

### पांच छात्रा खिलाड़ियों का विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट टीम में चयन



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिक्षेत्र स्तरीय अन्तर महाविद्यालयीन क्रिकेट महिला प्रतियोगिता सत्र 2025 श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट महिला प्रतियोगिता में विजेता हुई है। अंतर-महाविद्यालयीन क्रिकेट महिला प्रतियोगिता में जिन खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल प्रदर्शन किया उन्ही 5 खिलाड़ियों का चयन विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट टीम हुआ। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की महिला क्रिकेट टीम बुधवार को रेवेनशॉ विश्वविद्यालय, कटक, ओडिशा के लिए रवाना हुई। महाविद्यालय से चयनित खिलाड़ियों के नाम पूनम साहु, बी पवित्रा, खुशी तिवारी, हेमलता यादव एवं मेधा वर्मा इन सभी खिलाड़ी छात्राओं को महाविद्यालय के अध्यक्ष अजय तिवारी, प्राचार्य डॉ. संगीता घई, क्रीडाधिकारी डॉ. प्रेमशंकर एवं समस्त स्टॉफ इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दिए।

# 2023 के परिणामों की वैधता समाप्त, आंदोलनकर्ता अभ्यर्थी अपात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूल शिक्षा विभाग ने सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती की मांग लेकर हड़ताल पर बैठे अभ्यर्थियों को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, सहायक शिक्षकों के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित की गई थी। व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने इस भर्ती परीक्षा के परिणाम एक जुलाई 2023 को घोषित किए थे।

इस परीक्षा परिणाम की वैधता जुलाई 2025 तक थी। ऐसे में इन परीक्षा परिणामों के आधार पर अब नियुक्ति नहीं हो सकती। जो अभ्यर्थी नियुक्ति की मांग लेकर हड़ताल कर रहे हैं, वे मेरिट लिस्ट में निचले क्रम में थे। इस कारण ही उनका चयन नहीं हुआ। इन स्थितियों में नियुक्ति को लेकर उनकी मांग अवैधानिक है। स्कूल शिक्षा विभाग ने सूचना जारी कर कहा है, सहायक शिक्षक पदों पर सीधी भर्ती 2023 के संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया न्यायालयीन आदेशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं विधिसम्मत ढंग से संपन्न की गई है। शासन द्वारा सहायक शिक्षक के 6285 पदों पर सीधी भर्ती के लिए 4 मई 2023 को विज्ञापन जारी किया गया था। व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा का परिणाम एक जुलाई 2023 को घोषित किया गया, जिसकी वैधता अवधि एक वर्ष निर्धारित थी।



- सहायक शिक्षक भर्ती : रिक्त पदों पर भर्ती की मांग स्कूल शिक्षा विभाग ने स्पष्ट की स्थिति
- व्यापम ने 2023 में घोषित किए थे परीक्षा परिणाम 1 जुलाई 2025 तक थी इसकी वैधता

### इसलिए एक वर्ष बढ़ाई गई वैधता

*विज्ञापन एवं परीक्षा परिणाम जारी होने के समय बीएड अर्हताधारी अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक पद से पृथक रखने संबंधी कोई न्यायालयीन निर्देश प्रभावी नहीं था। प्रथम चार चरणों में 5301 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की गई, जिनमें 2621 अभ्यर्थी बीएड अर्हताधारी थे। उच्च न्यायालय ने 2 अप्रैल 2024 को दिए गए अपने आदेश में बीएड अर्हताधारी अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक के लिए अपात्र घोषित किया। उक्त आदेश के पश्चात भर्ती प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में आदेश जारी कर सहायक शिक्षक पद के 2621 पदों पर जारी चयन सूची की वैधता अवधि एक जुलाई 2025 तक बढ़ाई गई। इस चरण में सेवा से हटाए गए 2621 बीएड अर्हताधारी अभ्यर्थियों के स्थान पर 2615 डीएड अर्हताधारी अभ्यर्थियों को मेरिट के आधार पर सम्मिलित किया गया तथा सभी प्रमुख वर्गों में कटऑफ रैंक को पर्याप्त रूप से नीचे तक लाया गया।*

### नवीन प्रक्रियाओं में आ सकती है बाधा

पांचवें चरण में सम्मिलित 2615 अभ्यर्थियों में से 1316 अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित रहे अथवा अपात्र पाए गए। शेष 1299 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं। इस प्रकार विभाग द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का पूर्ण पालन कर लिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार, इसी भर्ती प्रक्रिया में शिक्षक एवं व्याख्याता पदों से संबंधित याचिकाओं को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निरस्त किया जा चुका है। सहायक शिक्षक पद के आंदोलनकर्ता अभ्यर्थियों की मांग स्वीकार किए जाने की स्थिति में शिक्षक एवं व्याख्याता पदों पर शेष रिक्तियों की भर्ती प्रारंभ करने की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## नाप-तौल विभाग ने सालभर में 83 प्रकरण बनाए, इनमें 2.31 करोड़ से अधिक वसूले

# पिछले वर्ष 324 प्रकरण दर्ज, इस बार निरीक्षण-जांच कम, इसलिए गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में इस बार नाप तौल विभाग के राजस्व में भारी कमी आई है। इसका कारण विभाग द्वारा किऐ जाने वाले निरीक्षण एवं जांच में आई गिरावट है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नाप तौल के अफसर एवं निरीक्षक बहुत कम फील्ड पर निकले हैं, जिसके कारण तौल यंत्रों की जांच के साथ निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर खाद्य पदार्थ सहित अन्य प्रोडक्ट, वस्तु की बिक्री संबंधी प्रकरण भी कम बनाए गए हैं।

हरिभूमि सरोकार

प्रकरण कम बनाए जाने के कारण राजस्व की वसूली भी पिछले वर्ष की तुलना में इस बार करीब 48 प्रतिशत कम हुई है। इधर नाप तौल विभाग के जिला अफसरों का कहना है कि जांच-पड़ताल तो की गई है, लेकिन प्रकरणों में जरूर कमी आई है। इससे राजस्व भी कम आया है।

### बांट-माप का 2 वर्ष में, इलेक्ट्रानिक तौल यंत्रों का 1 वर्ष में सत्यापन

नाप तौल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बांट-माप का सत्यापन हर दो वर्ष में एक बार किया जाता है, वहीं इलेक्ट्रानिक तौल यंत्रों का सत्यापन हर साल सत्यापन होता है। सत्यापन का कार्य विभाग शिविरों के माध्यम से होता है। सूत्रों के अनुसार इस बार विभाग ने टारगेट के तहत बहुत कम शिविर लगाए हैं, जिसके कारण टारगेट की तुलना में बांट-माप और इलेक्ट्रानिक तौल मशीनों का सत्यापन भी कम हो पाया है। हालांकि विभागीय अधिकारी इस मामले में कुछ भी बताने से बच रहे हैं।

### राजीनामा से 10 लाख 52 हजार की वसूली

विभाग ने कार्रवाई के दौरान जिनके खिलाफ प्रकरण बनाए गए थे, उनमें कई प्रकरणों में राजीनामा भी हुआ है। इस तरह 2025 में राजीनामा से 10 लाख 50 हजार रुपए की वसूली की गई है, जबकि वर्ष 2024 में 26 लाख 65 हजार 5 सौ रुपए की वसूली हुई थी।



### राजस्व के साथ प्रकरणों में भी भारी गिरावट

नापतौल विभाग ने पिछले वर्ष बढ़कर निरीक्षण और जांच करते हुए कुल 324 प्रकरण दर्ज किए थे। विभाग ने ये सभी प्रकरण कई जगहों पर निरीक्षण और जांच करते हुए बनाए थे। इन प्रकरणों में कार्रवाई भी की गई, लेकिन वर्ष 2025 में नवंबर तक जिले में कुल 83 प्रकरण ही बनाए गए हैं। इससे पता चलता है कि विभाग के अफसर एवं निरीक्षक इस बार निरीक्षण के साथ कार्रवाई भी कम की है।

### पोर्टल के माध्यम से भी 42 शिकायतें, 37 निराकृत, 5 लंबित

नापतौल विभाग से संबंधित शिकायत के लिए केंद्रीय और राज्य का पोर्टल भी बना हुआ है। इस पोर्टल के माध्यम से भी कुल 42 शिकायतें विभाग को मिली हैं, जिनमें से 37 का निराकरण किया है, लेकिन 5 शिकायतें अभी तक विभाग में लंबित हैं। इनका निराकरण नवंबर तक नहीं हुआ था।

### वर्ष 2024 में 4.47 करोड़ वसूला गया था राजस्व, 2025 में 2.31 करोड़ की वसूली

*नाप तौल विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024 में 4 करोड़ 47 लाख 62 हजार 518 रुपए राजस्व के रूप में आय हुई थी, वहीं वर्ष 2025 में नवंबर की स्थिति में 2 करोड़ 31 लाख 55 हजार 903 रुपए की आय राजस्व के रूप में हुई है। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 2 करोड़ 60 लाख 6 हजार 615 रुपए की आय कम हुई है।*

## सात जिलों से संग्रहण केंद्र में सप्लाई शुरू

# छत्तीसगढ़ के उपार्जन केंद्रों में 51 लाख टन धान जमा मिलरों के भरोसे उठाव व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में पिछले साल 15 नवंबर से शुरु हुई न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया में अब तक सबसे बड़ी समस्या धान के उठाव और परिवहन की बनी हुई है। राज्य में अब तक 74 लाख 37 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदा जा चुका है। लेकिन खरीदी केंद्रों से मात्र 22 लाख मीट्रिक टन धान का ही उठाव हो सका है। यही नहीं मार्कफेड के संग्रहण केंद्र में केवल सात जिलों से ही धान का परिवहन कराना शुरु किया गया है।

राज्य में वर्ष 2025-26 के धान खरीदी सीजन में अब तक एक बड़ी समस्या के रूप में धान के उठाव में भारी कमी का मुद्दा गहराया हुआ है। सोसाइटियों के उपार्जन केंद्रों में धान रखने की बफर लिमिट बढ़ाए जाने के बाद भी अधिकांश क्षेत्रों से जानकारी आ रही है कि उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से दो गुना या उससे भी अधिक धान जमा हो गया है। कुछ जगहों पर धान रखने की जगह न होने के कारण खरीदी बंद होने पर हंगामा और किसानों की परेशानियों की बातें सामने आ रही हैं।

- सोसाइटियों में बफर लिमिट का दोगुना धान जमा

### ये है धान खरीदी और उठाव का हाल

राज्य भर में अब तक कुल उपार्जन 74 लाख 47 हजार मीट्रिक टन धान गुरुवार 1 जनवरी तक खरीदा गया है। इसमें से मिलरों को 22 लाख 28 हजार मीट्रिक टन से अधिक मिलरों ने उपार्जन केंद्रों से उठाया है। इसके साथ ही केवल सात जिलों में उपार्जन केंद्रों से मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों को धान भेजा गया है। इनमें जांजगीर चांपा, बालोद, कवर्धा, खैरागढ़-छुईखदान- गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, गरियाबंद और रायपुर जिला शामिल है। इन जिलों से कुल मिलाकर 42 हजार मीट्रिक टन धान परिवहन कराया गया है। राज्य के उपार्जन केंद्रों में अभी 51 लाख 66 हजार मीट्रिक टन धान जमा है। इसके साथ ही राज्य में कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया भी बेहद धीमी है। राज्य के मात्र तीन जिलों से नागरिक आपूर्ति निगम को 376 मीट्रिक टन चावल जमा कराया गया है। जबकि सेंट्रल पूल में एफसीआई को चावल जमा कराने का काम ही शुरु नहीं हो पाया है।

# छठवीं से आठवीं कक्षा में स्किल एजूकेशन देने शिक्षकों की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छठवीं से आठवीं कक्षा में स्किल एजूकेशन को बढ़ावा देने अब शिक्षकों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। क्षमता निर्माण कार्यक्रम के जरिए शिक्षकों को यह ट्रेनिंग मिलेगी। यह प्रशिक्षण इन कक्षाओं में एनसीईआरटी की कौशल बोध पुस्तकों के जरिए स्किल एजूकेशन लागू करने के लिए अनिवार्य होगा।

बोर्ड 5 जनवरी से देशभर में शिक्षकों के लिए एकदिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम पूरी तरह ऑफलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा और इसमें एनसीईआरटी की कौशल बौद्ध एक्टिविटी बुक्स के माध्यम से कौशल आधारित शिक्षा के क्रियान्वयन पर फोकस रहेगा। सीबीएसई द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम विभिन्न जिलों और शहरों में सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स के सहयोग से आयोजित किए जाएंगे। बोर्ड ने सभी संबद्ध स्कूलों के निदेशकों, प्राचार्यों, उप-प्राचार्यों, समन्वयकों और शिक्षकों से इसमें सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है, ताकि स्कूल स्तर पर स्किल एजुकेशन को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।



- 6वीं से 8वीं तक लागू होगी कौशल बोध पुस्तकें

### मास्टर ट्रेनर भी होंगे चयनित

सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले शिक्षकों में से आगे चलकर मास्टर ट्रेनर्स का भी चयन किया जाएगा। ये मास्टर ट्रेनर भविष्य में अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षण देने में अहम भूमिका निभाएंगे, जिससे स्किल एजूकेशन को व्यापक स्तर पर लागू किया जा सके। देशभर के राज्यों में इससे संबंधित वर्कशॉप संचालित होगी। बोर्ड ने साफ किया है कि इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए शिक्षकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी शिक्षकों को एनसीईआरटी की कौशल बौद्ध पाठ्यपुस्तकें साथ लाना अनिवार्य होगा।

## ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने कहा- काम नहीं करा पाने से गांव में हो रही किरकिरी

# 9 माह से फंड जारी नहीं, ग्राम पंचायतों में विकास कार्य ठप, पुराने कार्य भी अपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्रिस्तरीय-पंचायत चुनाव को हुए करीब 9 माह बीत चुके हैं। चुनाव के बाद सभी ग्रामों में नए सरपंच भी चुने गए हैं, जिन्होंने सरपंच बनने से पहले गांव में विकास की लहर लाने के साथ अपूर्ण कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा कराने का वादा अपने-अपने गांव वासियों से किए थे, लेकिन जब से ग्रामों में नए सरपंच चुनकर आए हैं, तब से लेकर अभी तक ग्राम पंचायतों के विकास के लिए न ही 15वें वित्त आयोग की राशि जारी की गई है और न ही अन्य किसी मद से पंचायतों को फंड जारी हुआ है।

इसके कारण सभी ग्राम पंचायतों में न केवल विकास कार्य पूरी तरह से ठप हैं, वहीं अपूर्ण कार्य भी पूर्ण नहीं हो पा रहे हैं। हरिभूमि ने जिले के कई ग्राम के सरपंचों से बातचीत की। इस दौरान सरपंचों ने कहा कि गांव में फंड जारी नहीं होने के कारण एक भी नया कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जिसके कारण पूरे गांव में उनकी किरकिरी होने लगी है। कुछ सरपंचों ने कहा कि जो कार्य अपूर्ण हैं, ऐसे कार्य के लिए भी फंड जारी नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण अब उन्हें सरपंच बनने का भी मलाल होने लगा है।

### ताना मारने लगे हैं लोग

अभनपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम तेंदुआ के सरपंच रामकुमार भारती ने बताया कि 9 माह हो चुके हैं, लेकिन अब तक उनके गांव में एक भी विकास कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी दिया जा रहा है वह भी गांव के आधी आबादी को ही मिल पा रहा है। पानी का स्रोत कम होने के कारण ज्यादा से ज्यादा बोर कराने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि विधायक निधि से रोड रोड निर्माण एवं सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली है। इसके अलावा अन्य कोई भी मद से फंड जारी नहीं होने से विकास कार्य भी नहीं करा पा रहा है, जिसके कारण अब गांव के लोग उन्हें ताना भी मारने लगे हैं।

### कलेक्टर को ज्ञापन

15वें वित्त आयोग की राशि जारी करने की मांग को लेकर जिला पंचायत रायपुर के कांग्रेस सदस्यों ने कलेक्टर गौरव सिंह को भी ज्ञापन सौप चुके हैं। इस ज्ञापन के जरिए सदस्यों ने फंड जारी नहीं होने तक सामान्य सभा की बैठक का बहिष्कार जारी रहने की बात कही है।

#### फंड जारी करने भेजा है प्रस्ताव

फंड जारी करने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। जल्द से जल्द फंड जारी होने की संभावना है।

- **नवीन अग्रवाल,** अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर



#### फंड जारी नहीं होने से सभी सरपंच परेशान

15वें वित्त आयोग सहित अन्य मद से फंड जारी नहीं होने के कारण ग्राम पंचायतों में विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। इसके कारण सभी गांव के सरपंच परेशान है। फंड जल्द से जल्द जारी होना चाहिए।

- **संदीप यदु,** उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर

### चार साल से पानी टंकी अधूरी

तिल्दा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम छपोरा के सरपंच गजानंद वर्मा ने बताया कि जब से वे सरपंच बने हैं, उनके गांव में एक भी नया विकास कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उनके गांव में नाली-नाला का निर्माण, सीसी रोड, मुक्तिधाम में प्रतिक्षालय, पीडीएस भवन, उप स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य कई विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए दे चुके हैं, लेकिन इनमें से एक भी कार्य को मंजूरी नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि उनके गांव में 4 साल पहले जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, जो अभी तक अधूरा है। इस टंकी का निर्माण भी पूरा नहीं किया जा रहा है। इसके कारण पूरे गांव में अब उसकी किरकिरी होने लगी। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव के पहले 15वें वित्त आयोग की राशि जो बची हुई है, उसी से मूलभूत सुविधाएं सफाई, पेयजल सहित अन्य पर खर्च किया जा रहा है।

### एनआरडीए के पास प्रस्ताव की फाइलें डंप

अभनपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुर्रू के सरपंच स्वरूपचंद वर्मा ने बताया कि उनके गांव में भी फंड जारी नहीं होने के कारण एक भी विकास कार्य नहीं हो पाया है। उन्होंने रंगमंच, तालाब शेड, सीसी रोड, ज्योति कक्ष, आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत व रसोई रूम, बोर कराने संबंधी कई कार्य को लेकर प्रस्ताव बनाकर एनआरडीए को भेजा है, जिसकी फाइलें पिछले कई महीनों से वहां डंप हैं। इन फाइलों को आगे ही नहीं बढ़ाया जा रहा है, जबकि कुछ कार्य तो विधायक मद से स्वीकृत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत यहां पानी की सप्लाई जारी है, लेकिन उससे गांव के 50 प्रतिशत से भी कम परिवारों को पानी मिल पा रहा है, इसलिए बोर कराकर पानी की आपूर्ति की जा रही है।

# दुर्गानगर मामले पर सांसद बृजमोहन ने कहा जो जहां है वहीं रहेगा, किसी को उजड़ने नहीं देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के दुर्गानगर (शांतिनगर) सिविल लाइंस वार्ड में लगभग 150 परिवारों के विस्थापन की संभावना से उपजे तनाव के मद्देनजर, दुर्गानगर निवासी और उत्कल गाड़ा समाज के सैकड़ों लोग गुरुवार को पूर्व मंत्री एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात की।

साथ ही दुर्गानगर के रहवासियों ने सांसद को शासन द्वारा प्रस्तावित पुनर्वास योजना से होने वाली गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने श्री अग्रवाल को बताया कि दुर्गानगर में ये परिवार पिछले 60-70 वर्षों से निवास कर रहे हैं और अपनी आजीविका चला रहे हैं। यदि इन परिवारों को शहर से 15 किलोमीटर दूर पिरदा जैसे सुविधाविहीन क्षेत्र में विस्थापित किया जाता है तो उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं गंभीर रूप से प्रभावित होंगी, जिससे उनका जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा। जिस पर सांसद श्री अग्रवाल ने पीड़ित परिवारों की बातें गंभीरता से सुनीं और उन्हें दृढ़ आश्वासन दिया, जो जहां है, वही रहेगा, हम किसी को न उजाड़े हैं और न ही उजड़ने देंगे। हम गरीबों के साथ हैं। उन्होंने समुदाय की चिंता को समझने और उनके हित में हरसंभव हस्तक्षेप करने का भरोसा दिलाया। जोगी कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, नए वर्ष में एक नई उम्मीद के साथ आपके पास आए कि आप दुर्गानगर को उजड़ने से बचाएंगे।

- दुर्गानगर के झुग्गीवासियों ने रायपुर सांसद से की मुलाकात, मिला आश्वासन




### ये रहे उपस्थित

*मुलाकात करने वालों में कांग्रेस नेता राधेश्याम विभार, भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री नेता किशोर महानंद, जोगी कांग्रेस नेता अधिवक्ता भगवानू नायक, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत बाग, सामाजिक नेता बनमाली छुरा, ईडब्ल्यू संघ के अध्यक्ष प्रीतम महानंद, सामाजिक नेता जीतू सागर, भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक आशीष तांडी, मोहल्ला विकास समिति के अध्यक्ष रामू नायक, वैष्णव भतरिया सहित सैकड़ों की संख्या में मोहल्लेवासी शामिल थे।*






हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



### शहर के पिकनिक स्पॉट, पार्क, संग्रहालयों में पर्यटकों का सैलाब

# पहले दिन टूरिस्ट डेस्टिनेशन में एडवेंचर मंदिरों में भक्ति-दर्शन से बनाया खास

## जंगल सफारी में बाघ, मोर, चीतल, सांभर देखने हुए रोमांचित

*साल के पहले दिन की शुरुआत लोगों ने मंदिरों में भक्ति-दर्शन के साथ की। वहीं फैमिली-फ्रेंड्स के साथ स्थानीय पर्यटन स्थलों, पार्क, संग्रहालय, वाइल्ड लाइफ एडवेंचर, पिकनिक को एंजॉय किया। लोग हजारों की संख्या में नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी, पुरखौती मुक्तांगन, ट्राइबल म्यूजियम में नए साल को यादगार बनाने व एंजॉय करने पहुंचे। इसके अलावा नंदनवन, ऊर्जा पार्क, गढ़कलेवा में भी स्थानीय पर्यटकों का तांता लगा रहा। इन पर्यटन केंद्रों में वन्यजीवों, हरियाली, सरोवरों के बीच एडवेंचर, बोटिंग, खेलकूद, फोटोग्राफी, अंताक्षरी, पिकनिक मनाकर खास बनाया। वहीं शाम को भी शहर के प्रमुख मंदिरों में भक्तों ने पूजा-आराधना कर अपने लिए नए साल को सुख-समृद्धि वाले वर्ष की कामना की।*

**रायपुर।** साल के पहले दिन जंगल सफारी में जंगल और वन्यजीवों जैसे बाघ, मोर, चीतल, सांभर देखने तांता लगा रहा। यहां सुबह 9 बजे से प्रवेश द्वार के बाहर टिकट काउंटर पर लंबी कतार लगी रही। प्रबंधन टीम ने बताया कि लगभग 10 हजार की संख्या में पर्यटक जंगल सफारी का भ्रमण करने फैमिली-फ्रेंड्स के साथ नए साल को यादगार बनाने पहुंचे। यहां पर टूरिस्ट वैन व बसों के माध्यम से पर्यटकों ने जंगल सफारी की सैर और बोटिंग का आनंद लिया। नए साल में पर्यटकों को जंगल सफारी में नेचर के साथ इन दुर्लभ और सुंदर जानवरों को देखना एक यादगार अनुभव रहा। पर्यटकों के लिए वन्यजीवों को नजदीक से देखना उनके लिए रोमांचित पल रहा। इस तरह से स्थानीय पर्यटकों ने अपना नया साल जंगल सफारी में वाइल्ड लाइफ को एंजॉय कर मनाया।



### पुरखौती मुक्तांगन में विंटेज कार की सवारी

नवा रायपुर के सेक्टर-24 उपरवारा स्थित पुरखौती मुक्तांगन में नए साल के पहले दिन खूब चहल-पहल रही। यहां लोग फैमिली के साथ सैकड़ों की संख्या में पहुंचे। वहीं स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों का भी जमावड़ा लगा रहा। मुक्तांगन के परिसर में बच्चे झूले, फौवारे और पारंपरिक खेलों को एंजॉय करते दिखे। यहां बस्तर की सांस्कृतिक धरोहरें जैसे दंतेश्वरी मंदिर और चित्रकोट जलप्रपात के आकर्षक प्रतिरूप पर्यटकों को देख उत्साह व आश्चर्य से भर गए। वहीं लोग विंटेज कार की सवारी कर यहां बने विशाल सांस्कृतिक और खुले संग्रहालय में जनजातीय संस्कृति, कला, शिल्प और जीवनशैली, आदिवासी आवास जैसे घोटुल, मारिया-मुड़िया घर के मॉडल, लोक कलाकृतियां और पर्यटन स्थलों के प्रतिकृतियों को निहारते रहे। यहां पर्यटक परिवार के साथ पिकनिक मना नए साल को यादगार बनाया।





### इन मंदिरों में भी दर्शन करने सपरिवार पहुंचे लोग



महामाया मंदिर में आसपास के भक्त परिवारों ने बुधवार की रात में ही फूलों से माता का दरबार सजाया। मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट ने लोगों की भीड़ को देखते हुए लाइटिंग, सफाई के साथ पानी व पार्किंग के साथ ही भोग-प्रसादी का इंतजाम किया था। माता के श्रीधाम को फूलों से सजाया गया था। वहीं आर्टिफिशियल फूलों से माता के धाम को सजाया गया था। मां काली मंदिर, मां दंतेश्वरी, रावांभाठा स्थित बंजारी मंदिर, नरहरेश्वर, श्री हरि नीलकंठेश्वर महादेव में भी श्रद्धालुओं को सुविधा और अच्छा वातावरण मिला। परिवार के साथ पहुंचे लोगों को पूजा-अर्चना और अभिषेक का भी अवसर मिला।

### हाटकेश्वर नाथ की एक झलक पाने उमड़ी भीड़



खारुन तट पर स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर में अंग्रेजी नववर्ष की पहली सुबह यानी गुरुवार को सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर के बाहर लोगों को श्रृंगार दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ा। लोगों की सुविधा के लिए की गई तैयारी के तहत कार्यकर्ताओं ने दर्शन का अवसर देने के लिए व्यवस्था की कमान संभाली। महंत सुरेश गिरी महाराज ने बताया कि बुधवार की मध्यरात्रि महादेव को दिव्य स्वरूप और आकर्षक साज-श्रृंगार के लिए तैयारी की गई थी। सुबह गर्भगृह तक लगाए गए अरघा के माध्यम से भक्तों ने अभिषेक भी किया। शाम को फूलों और बेलपत्तों से आकर्षक श्रृंगार किया। आस्था के साथ ही घूमने और नौका विहार का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचे लोगों की वजह से महादेवघाट क्षेत्र में दिनभर भीड़भाड़ का माहौल रहा।





फोटो जर्नलिस्ट : किशन लोखंडे, रमन हलवाई, अजय साहू

### श्रीराम मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही

श्रीराम मंदिर में सुबह से भक्तों की आवाजाही रही। भीड़ के लिहाज से व्यवस्था बनाने के लिए इंतजाम किया गया था। मंदिर के प्रमुख पुजारी हनुमंत लाल ने बताया कि भगवान को विशेष पोशाक पहनाने के बाद फूलों से दिव्य दरबार का श्रृंगार किया गया। साथ ही भक्तों की सुविधा के लिए भी वॉलंटियर्स को तैयार किया गया था। उन्होंने बताया कि अब लोग अंग्रेजी नववर्ष को भी धार्मिक माहौल में बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। इसलिए दिनभर में जिसे जब समय मिला, परिवार के साथ दर्शन करने के बाद भगवान की आरती में भी शामिल हुए। सुबह से रात तक मंदिर आने-जाने वालों की वजह से यातायात दुरुस्त करने के लिए वीआईपी रोड पर पुलिस बल ने भी मुस्तैदी दिखाई। इससे आवागमन सामान्य देखने को मिला।



### इस्कॉन मंदिर और खाटू श्याम दरबार में भक्ति

टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर में भी दर्शन करने के लिए भक्त परिवारों की आवाजाही रही। भजन-कीर्तन के साथ लोगों ने आरती दर्शन का भी पुण्य अर्जन किया। अंग्रेजी नववर्ष के पहले दिन लोगों ने भगवान के दरबार में अर्जी लगाई। सभी ने मंगलमय नववर्ष के लिए आराध्य देवी-देवताओं से आशीष लिया। कुछ इसी तरह समता कॉलोनी स्थित श्री श्याम खाटू मंदिर में लोग सुबह पूजा-अर्चना के साथ नए साल का स्वागत करने के लिए भक्तिभाव से पहुंचे। इसके चलते आस्था केंद्र में सुबह से शाम तक उत्सव का माहौल बना, क्योंकि लोग जान-पहचान के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए आगे बढ़े। भक्तों की टोलियों ने भजनों की प्रस्तुति से लोगों के बीच भक्तिमय वातावरण निर्मित किया।

### हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़

श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा एवं मंदिर समिति द्वारा प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि के लिए अखंड रामायण पाठ का आयोजन साल 2025 की विदाई पर किया गया। साथ ही नववर्ष के आगमन पर समाप्त हुई। इस उपलक्ष्य में आराध्य देव का विशेष श्रृंगार और आरती किया गया। भगवान को भोग लगाने के बाद ब्राह्मणों को प्रसाद ग्रहण करवाया गया। इसके बाद महाभण्डारे का आयोजन किया गया। इसमे बड़ी संख्या में हनुमान भक्त शामिल हुए। इसमें रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सच्चिदानंद उपासने, अशोक पांडे, प्रेम माहेश्वरी, नवरत्न महेश्वरी एवं मंदिर समिति के भारत पांडे, प्रशांत पांडे, आनंद शर्मा और कुलदीप शर्मा और मंदिर के पुजारी राजेश तिवारी ने सहयोग किया।



### भक्तों के लिए किया भोग-भंडारा

कालीमाता सेवा समिति द्वारा अंग्रेजी नववर्ष का स्वागत 31 दिसंबर की रात 12 बजे आकाशवाणी चौक स्थित सिद्ध शक्ति पीठ मां काली मंदिर में महाआरती के बाद सैकड़ो भक्तो को प्रसाद के रूप में केसर दूध,जलेबी,आलू चाप,पोहे का वितरण किया गया। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज (पोल्ले) ने दी। आगे बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। इसे ही अपना लक्ष्य मान कर समिति समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा में सदैव तत्पर रहती है। आयोजन को सफल बनाने में प्रमुख रूप से संदीप परिहार, गोल्डी बेदी, धीरज जोधानी, कमलाकांत पांडेय, अजय प्रेमचंदानी, आशीष भारद्वाज, निखिल रामानी, करण भारद्वाज, रौनक लालवानी, किशन असरानी, मोहित भोगल आदि ने सहयोग दिया।





### म्यूजियम में जनजातीय संस्कृति से हुए रूबरू

नए साल को जनजातीय कला-संस्कृति के बीच सेलिब्रेट करने नवा रायपुर ट्राइबल म्यूजियम में स्थानीय पर्यटकों का हुजूम उमड़ पड़ा। पर्यटकों में बड़े, बच्चे, युवाओं समेत सभी वर्ग के लोग म्यूजियम का टिकट पाने ललायित दिखे। यहां लोग जनजातियों की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और जीवनशैली को आधुनिक तकनीक जैसे 3डी होलोग्रॉफिक डिस्प्ले के माध्यम से देख चकित हुए। प्रदेश के 43 जनजातियों की परंपराएं, कला, वेशभूषा, वाद्ययंत्र और स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान की जीवंत, अनूठा और ज्ञानवर्धक दर्शन ने पर्यटकों नया साल खास बनाया।

## सिटी लाइव

### ट्राईबोलोजी फॉर मैनकाइंड पर शोधार्थियों ने अपने शोध किये साझा, हुए सम्मानित



**रायपुर।** आईआईटी भिलाई में ट्राइबोलॉजी इंडिया ट्राईबद्ध पर तेरहवें अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह आयोजन संयुक्त रूप से मैकेनिकल विभाग आईआईटी और ट्राईबोलोजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया था। इस कांफ्रेंस का विषय ट्राईबोलोजी फॉर मैनकाइंड था। ट्राइबोलॉजी के क्षेत्र में ज्ञान के आदान-प्रदान नेटवर्किंग और सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस सम्मेलन में शिक्षा जगत और उद्योग जगत के ट्राइबोलॉजी के अग्रणी विशेषज्ञों द्वारा कई महत्वपूर्ण सत्र, भाषण और व्याख्यान दिए गए। छात्र शोधकर्ताओं ने भी मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने कार्यों का प्रदर्शन किया।

#### विद्वानों को शोध साझा करने मिला मंच

उभरते हुए विद्वानों को अपने शोध को साझा करने का मंच मिला। आईआईटी भिलाई के निदेशक और सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने अंतर्विषयक अनुसंधान के महत्व पर जोर देते हुए विभिन्न संस्थानों के शोधकर्ताओं के बीच संवाद और सीखने के बहुमूल्य अवसर मिलने के संदर्भ में बताया। ट्राइबोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रोफेसर सतीश वीणा कैलाश ने व्यावहारिक चुनौतियों के समाधान के लिए शिक्षा जगत और उद्योग के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देने और तकनीकी नेटवर्क को मजबूत करने में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की भूमिका को रेखांकित किया। सम्मेलन में 250 से अधिक शोधकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान मौखिक और पोस्टर दोनों श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार प्रदान किए।

## समाज लाइव

### पंडित रविशंकर शुक्ल की 68वीं पुण्यतिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल की पुण्यतिथि पर खास से लेकर आम जनों ने उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस्पात संयंत्र की भिलाई में स्थापना के प्रबल समर्थक और प्रणेता पं. शुक्ल की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समूह द्वारा किया गया था। अविभाजित मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और जननेता पंडित रविशंकर शुक्ल की 68 वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा के सामने 10 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों के नेता और आम जन द्वारा पं. शुक्ल को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### पं. शुक्ल के योगदानों को किया याद

इस अवसर पर पूर्व विधायक अरूण वोरा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चन्द्राकर, पूर्व मेयर नीता लोधी, पार्षद सीजू एंथोनी, प्रभारी जे आर साहू, पूर्व पार्षद प्रभुनाथ मिश्रा, शुक्ला परिवार की सदस्य मायारानी शुक्ल, भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक प्रशान्त तिवारी, कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच से जयेश कुमार शुक्ल, स्वदेश शुक्ल, घटोत्कच शुक्ल, अरूण चौबे, अनिल पाण्डेय, एचएमएस के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक पंडा, दलजीत सिंह,आर डी कोरी, मनीषा तिवारी, सौमित्र तिवारी सहित इस्पात नगरी के नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान सभी वक्ताओं ने पं. शुक्ल के योगदानों की चर्चा करते हुए उनके सार्थक प्रयासों को व्यक्त किया। पं. रविशंकर शुक्ल ने 31 दिसम्बर, 1956 में 80 वर्ष की उम्र में नई दिल्ली में अंतिम सांस ली थी।

## इवेंट लाइव

### सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर 4 को

**रायपुर।** राष्ट्र स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। यह आयोजन राजश्री सद्भावना समिति और गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में 4 जनवरी को शहीद स्मारक भवन में आयोजित होगी। शिविर आयोजन समिति की अध्यक्ष शकुन डहरिया एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम में समाज की महिला चिकित्सकों के अलावा विभिन्न विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा शिविर में स्वास्थ्य सेवा दिया जाएगा। परिचय सम्मेलन में उपस्थित होने वाले प्रतिभागी व उनके परिजन इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में लाभ उठा सकेंगे। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श देंगे। इस बार आयुर्वेद चिकित्सक भी अपनी सेवाएं देने शामिल हो रहे हैं। सेवा देने वाले चिकित्सकों में डॉ. विष्णु दत्त, डॉ. अनुसुईया दत्त, डॉ. प्रशांत, डॉ. अमित कुमार भारद्वाज, डॉ. विनोद कोसले, डॉ. प्रवीण जांगड़े, डॉ. रविकांत जाटवर, डॉ. नागेंद्र सोनवानी, डॉ. मीनू केशकर, डॉ. प्रियंका सोनवानी, डॉ. राज मनहरे, डॉ. ताम्रध्वज पात्रे, डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉ. संगीता धिरहे, डॉ. उत्तरा खंडेल, डॉ. दामिनी धिरहे, डॉ. संजय निराला, डॉ. ओमप्रकाश रात्रे, डॉ. संजय डाहरे आदि अपनी निशुल्क सेवाएं देंगे।



---

● साल 2026 को लेकर शहर के ज्योतिषाचार्यों ने किए दावे, आईटी के क्षेत्र में युवाओं को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

# राज्य की राशि का स्वामी गुरु इस साल ऊर्जा के क्षेत्र में होगा समृद्ध, पर्यटन-कला और संस्कृति को मिलेगा मान



छत्तीसगढ़ ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति करेगा। साथ ही कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ की कला को विश्व में प्रसिद्ध मिलेगी। यह वर्ष ऐसा है, जिसमें बृहस्पति तीन बार गोचर में अपनी राशि परिवर्तित करेगा। साथ ही राहू और केतु वर्ष के अंत में अपनी राशि परिवर्तित करेंगे। चूंकि बृहस्पति छत्तीसगढ़ की राशि का स्वामी है, इसलिए मई से अक्टूबर के मध्य छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक दक्षता तेजी से निखरेगी।



**रायपुर।** ज्योतिषाचार्य डॉ. दत्तात्रेय होस्केरे ने बताया कि केतु का कुंडली के केंद्र में होना और मंगल का दशम भाव में होना, इस बात का संकेत देता है कि छत्तीसगढ़ ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति करेगा। साथ ही कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ की कला को विश्व में प्रसिद्ध मिलेगी। यह वर्ष ऐसा है, जिसमें बृहस्पति तीन बार गोचर में अपनी राशि परिवर्तित करेगा। साथ ही राहू और केतु वर्ष के अंत में अपनी राशि परिवर्तित करेंगे। चूंकि बृहस्पति छत्तीसगढ़ की राशि का स्वामी है, इसलिए मई से अक्टूबर के मध्य छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक दक्षता तेजी से निखरेगी। इस बीच में अच्छे निर्णय लिए जा सकेंगे। इसके साथ ही आर्थिक समृद्धि भी आएगी। इससे प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होने वाला है। अगर आम लोगों के राशि की बात करें तो साल 2026 मेष, वृषभ, कर्क, वृश्चिक, धनु और कुंभ राशि के लिए श्रेष्ठ रहने वाला है। इन राशि के स्वामियों को इस साल बड़े निर्णय को बहुत सोच-विचार के बाद लेना होगा।

#### साल 2026 इस राशि के लिए उत्तम फलकारी

राजनीतिक गलियारे में मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। इसमें कुछ पुराने चेहरे बदलेंगे और नए लोगों को अवसर मिल सकता है। प्रदेश के किसी नामचीन नेता को बदनामी का सामना भी करना पड़ सकता है। साथ ही प्राकृतिक आपदा की स्थिति भी बनेगी। आगजनी व भूकंप के झटके और प्लेन क्रेश की घटना प्रदेश में हो सकती है। 2026 मुख्य रूप से मेष, मीन और वृषभ राशि के स्वामी को 2026 में ग्रहों की विपरीत स्थिति का सामना करना पड़ेगा। वहीं कुंभ, धनु और मिथुन राशि के स्वामी के लिए यह वर्ष शुभ फलकारी होने वाला है। वृश्चिक, मकर और कन्या के लिए यह साल मध्य फलकारी रहने वाला है। इसके लिए राशि स्वामी की आराधना करनी होगी।

#### प्रगति और प्रसिद्धि की दृष्टि से श्रेष्ठ



ज्योतिषाचार्य डॉ. दत्तात्रेय होस्केरे ने बताया, 'साल 2026 रोहिणी नक्षत्र में शुरू हुआ है। इस नक्षत्र में चंद्रमा उच्च का होता है, यानी कला और संस्कृति आदि के लिहाज से यह वर्ष श्रेष्ठ रहने वाला है। प्रदेश की कुंडली बनाई जाए तो छत्तीसगढ़ राज्य का नक्षत्र मूल का होता है, जो कि धनु राशि में आता है। इस राशि का स्वामी बृहस्पति और मूल नक्षत्र का स्वामी केतु है। छत्तीसगढ़ की कुंडली में अभी सूर्य की महादशा चल रही है। इस साल के प्रारंभ में बुध, मध्य में केतु और वर्ष के अंत में शुक्र की अंतर्दशा प्रभावी होगी। यदि विश्लेषण किया जाए तो यह विदित होता है कि यह वर्ष छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत श्रेष्ठ रहने वाला है। साथ ही प्रगति और प्रसिद्धि की दृष्टि से छत्तीसगढ़ नए आयाम स्थापित करेगा।'

#### बस्तर और सरगुजा में मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा




ज्योतिषाचार्य देवेंद्र पांडेय ने छत्तीसगढ़ के लिहाज से 2026 किस तरह का रहने वाला है। इसकों लेकर बताया कि यह वर्ष के विकास को एक नया आयाम देने वाला होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा लिए जाने वाले आगामी निर्णय छत्तीसगढ़ को नई पहचान दिलाएंगे। इस साल आईटी सेक्टर का कोई बड़ा प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ में निवेश करने के लिए सहमत होगा। इससे युवाओं को तकनीकी क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। माइन्स को लेकर प्रदेश में विवाद की स्थिति बनेगी। नक्सलवाद का खात्मा करने के लिए प्रदेश का देश-दुनिया में नाम होगा। बस्तर और सरगुजा क्षेत्र में पर्यटन के लिहाज बेहतर काम होंगे। इससे पर्यटन के विकास में प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा।

---

# 'हेल्दी लाइफस्टाइल' से इलाज के साथ ही तनाव से मिलेगी राहत



**रायपुर।** भागदौड़ भरी जिंदगी, अनियमित खानपान और तनाव भरे माहौल के बीच स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में जिला अस्पताल पंडरी में संचालित हेल्दी लाइफस्टाइल क्लीनिक लोगों लिए बड़ी राहत बनकर उभरा है। यहां लोगों को न केवल इलाज मिल रहा है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। सुबह नौ बजे से 11 बजे तक चलने वाले क्लीनिक में रोजाना युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरुष यहां सलाह लेने पहुंच रहे हैं। क्लीनिक में पीठ, घुटने और गर्दन के दर्द से परेशान लोग, नींद न आने की शिकायत वाले मरीज, मानसिक तनाव से जूझ रहे युवा और वजन बढ़ने या घटने की समस्या से परेशान लोग उपचार और परामर्श ले रहे हैं। मरीजों को उनकी दिनचर्या, खानपान और मानसिक स्थिति के अनुसार परामर्श दिया जाता है। फिजियोथेरेपी के माध्यम से जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द से राहत मिल रही है।



#### एक ही स्थान पर समग्र उपचार मिल रहा

डॉ. सारिका श्रीवास्तव ने बताया कि एक ही स्थान पर सभी इलाज हो रहे हैं। मरीजों ने बताया कि पहले उन्हें अलग-अलग समस्याओं के लिए विभागों में जाना पड़ता था, लेकिन अब एक ही स्थान पर समग्र उपचार मिल रहा है। बुजुर्ग को नियमित योग, फिजियोथैरेपी से घुटनों का दर्द काफी कम हुआ है। वहीं एक युवा तनाव प्रबंधन और आहार सलाह लेने के लिए पहुंच रहे हैं। नींद की समस्या में सुधार भी है। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि बदलती जीवनशैली के कारण गैरसंचारी रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। समय रहते जीवनशैली में सुधार किया जाए तो मधुमेह, उच्च रक्तचाप और मोटापे से बचा जा सकता है। इसी उद्देश्य से लोगों को दवाइयों के साथ व्यायाम के साथ संतुलित आहार और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी जा रही है।

# स्कूली बच्चों ने तिरंगा यात्रा से एकता और देशभक्ति का दिया संदेश



**रायपुर।** नववर्ष के अवसर पर छत्रपति शिवाजी स्कूल के बच्चों ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का संदेश दिया, ताकि नए साल की शुरुआत राष्ट्रप्रेम और एकजुटता के साथ हो सके। स्कूल के संचालक मुकेश शाह ने बताया कि हर साल नववर्ष पर छत्रपति शिवाजी स्कूल के बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति के जागरण के रूप में निकाली जाती है। इस नए साल 2026 के अवसर पर भी बच्चों द्वारा तिरंगा यात्रा उत्साह व देशभक्ति के भावना से ओतप्रोत होकर निकली गई। बच्चों ने देशभक्ति गीतों का गाना करते तिरंगा लहराते हुए नगर भ्रमण कर एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल हुए। तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चों का उत्साह देख शहरवासी भी एकता व राष्ट्रभक्ति में रंगे दिखे।

**बच्चों ने देशभक्ति गीतों का गाना करते तिरंगा लहराया**

---

महाराष्ट्र मंडल की नई पहल से बुजुर्गों को दिनभर मिला अच्छा माहौल, सभी ने प्रयास को सराहा

# सियान गुड़ी में बुजुर्गों ने कैरम और शतरंज का लिया आनंद सजाई काव्य श्रृंखला, उत्साह से बीता साल का पहला दिन

**कार्नर न्यूज**

*रायपुर। नौकरी और व्यवसाय से जुड़े लोग सुबह काम पर चले जाते हैं। नाती-पोते पढ़ने के लिए निकल जाते हैं। ऐसे में परिवार के बुजुर्गों का समय बिताए नहीं बीतता। इसे देखते हुए समता कॉलोनी में महाराष्ट्र मंडल ने अनूठी पहल करते हुए प्रदेश का पहला सियान गुड़ी शुरू किया है। नए साल के पहले दिन यहां पहुंचे बुजुर्गों में गजब का उत्साह था। सुबह 9 बजे पहुंचे बुजुर्गों ने पहले दिन सियान गुड़ी का अवलोकन किया। फिर नए साल के पहले दिन की शुरुआत बुजुर्गों ने योग अभ्यास से किया। महाराष्ट्र मंडल के मुख्य समन्वयक और सियान गुड़ी के प्रभारी श्यामसुंदर खंगन ने बताया कि पहले दिन बुजुर्गों से अच्छा प्रतिसाद मिला। दिन की शुरुआत समाज कल्याण विभाग की ओर से तय समय के अनुसार गुरुवार को योग से शुरू किया गया। नए साल का पहला दिन होने के कारण गुड़ी में पहुंचे बुजुर्गों ने सबसे पहले एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। बीते वर्ष की खट्टी-मीठी यादों और कविता पाठ का सभी ने आनंद लिया।*



#### अपने जीवन से जुड़े अनुभव भी साझा किए

पहले दिन महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल के सहप्रभारी नवीन देशमुख और सांस्कृतिक समिति के प्रवीण क्षीरसागर, प्रशांत देशपांडे, आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले, डॉ. कमल वर्मा सहित सभी पदाधिकारियों ने विशेष रूप से बुजुर्गों के साथ न केवल समय बिताया, बल्कि उनके जीवन से जुड़े अनुभव को भी साझा किया। किसी ने घर में अकेले होने पर किस तरह की पीड़ा संवाद के अभाव में होती थी, उसे साझा किया। पहले दिन उमा गुप्ता ने हास्य व्यंग्य से लोगों को अच्छा माहौल दिया। चर्चा के बीच स्वस्थ जीवन के लिए संयमित दिनचर्या पर जोर दिया।

#### उम्र के इस पड़ाव में हमें किसी से कुछ नहीं लेना



महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित सियान गुड़ी में बतौर मार्गदर्शक पहुंचे वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत देशपांडे ने कहा कि हमारे पास अनुभव का खजाना है। हम लोग उम्र के उस पड़ाव पर हैं, जहां हमें किसी से कुछ लेना नहीं है। हमारे पास जो पूंजी है, उसे समाज और देश को भी देना है। पहले दिन उमा गुप्ता, शिरोमणि पांडेय, कांता अग्रवाल, पुष्पा साहू, रेखा उरकुरकर, ओमप्रकाश भांगला, मुकुंद दमयानी, बुद्धिसागर साहू, रमाशंकर पांडेय, किशोर शरण गुप्ता, ज्योति भागवा, विमला चोपड़ा, पीके देशपांडे, संतोष शर्मा, मुरारी लाल अग्रवाल, नीता गुप्ता और एनके अग्रवाल प्रमुख रूप से पहुंचे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ ने सिक्किम को 229 रनों से हराया, देव ने लिए 4 विकेट



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा सीनियर मेंस विजय हजारे वनडे ट्रॉफी का आयोजन 24 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच 31 दिसंबर को जयपुर में सिक्किम टीम के विरुद्ध खेला गया। सिक्किम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 3 विकेट खोकर 355 रनो का विशाल स्कोर बनाया। छत्तीसगढ की ओर से विकल्प तिवारी ने शानदार शतक लगाते हुये 57 गेंदों में 9 चौकों तथा 6 छक्कों की मदद से 112 नाबाद रन बनाये। आयुष पांडे ने 86 रन तथा कप्तान अमनदीप खरे ने नाबाद 83 रन बनाये। मयंक वर्मा ने 36 रनों का योगदान दिया। सिक्किम की ओर से अभिषेक तथा अंकुर ने 1-1 विकेट लिये। 356 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिक्किम 34 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर केवल 126 रन ही बना पायी। सिक्किम की ओर से गुरिंदर सिंह ने 47 रन तथा पालजोल ने 43 रन बनाये। छत्तीसगढ टीम की ओर से अपना पहला मैच खेल रहे देव आदित्य सिंह ने 4 विकेट प्राप्त किये वहीं अजय मंडल ने भी 4 विकेट झटके। छत्तीसगढ ने मैच 229 रनों से जीत लिया।

### सीनियर नेशनल क्रिकेट के लिए छत्तीसगढ़ टीम चयन 6 को

**भिलाई।** भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वाधान में महाराष्ट्र टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के द्वारा 36 वीं सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप 19 जनवरी से 22 जनवरी तक नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित है। उक्त चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की पुरुष एवं महिला टीम प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके लिए दिनांक 6 जनवरी को सेक्टर-1 क्रिकेट स्टेडियम में सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 तक चयन स्पर्धा आयोजित है। भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 4 जनवरी तक आधार कार्ड के साथ सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉलक्रिकेट संघ के सचिव आजाद अहमद खान ने यह जानकारी दी।

### अंडर-19 एलिट क्रिकेट आज से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दूसरे राउंड के चार दिवसीय मैच 2 जनवरी से खेले जाएंगे। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में रायपुर एवं बिलासपुर ब्लू के मध्य, राजहरा में कांकेर विरुद्ध राजनांदगांव, धमतरी में दुर्ग विरुद्ध बिलासपुर और न्यू ग्राउंड कांकेर में बीएसपी विरुद्ध प्लेट कंबाइंड के बीच मुकाबले होंगे।

### नेशनल बॉक्सिंग में हिस्सा लेंगे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**भिलाई।** 9वीं एलिट पुरुष एवं महिला राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 04 से 10 जनवरी तक गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा (यूपी) में आयोजित होने जा रही हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के सीनियर पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग लेंगे। टीम में 47-50 किग्रा. आशुतोष यादव जिला दुर्ग , 50-55 किग्रा. रुद्र कुमार टंडन जिला- रायपुर , 55-60 किग्रा. शौर्य जीत सेनापति जिला दुर्ग , 60-65 किग्रा.-आकाश साहू जिला- रायपुर , 65-70 किग्रा, लोकेश साहू जिला- दुर्ग , 70-75 किग्रा यश केरकेटा जिला- दुर्ग , 75-80 किग्रा.- हितेश शर्मा जिला-दुर्ग , 80-85 किग्रा. शिशिर मौर्य जिला बिलासपुर , (85-90 किग्रा. ओम सोनी जिला- दुर्ग , +90 किग्रा. शेख आवेश जिला रायपुर पुरुष बॉक्सिंग के प्रशिक्षक-आर. राजू जिला- दुर्ग एवं सोनू ध्रुव जिला-रायपुर है।

छत्तीसगढ़ राज्य की महिला बॉक्सिंग टीम में 45-48 किग्रा. दीपाली जिला- बालोद , 48-51 किग्रा.-खुशबू तांडी जिला-दुर्ग , 51-54 किग्रा.-शुस्मिता नायक जिला- दुर्ग , 54-57 किग्रा. श्रुति शर्मा जिला बिलासपुर , 65-70 किया-अपूर्वा साहू जिला- दुर्ग एवं महिला टीम के प्रशिक्षक खुशबू जिला दुर्ग शामिल हैं। छत्तीसगढ़ राज्य बॉक्सिंग टीम पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों को अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए मैडल जीतने हेतु छत्तीसगढ़ प्रदेश एमोचर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष- आर. राजेन्द्रन, बॉक्सिंग डिसिप्लिन कमेटी के चैयरमैन- वीरेंद्र यादव, सलेक्शन कमेटी के चैयरमैन- पी. के राय, छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव चूडामणि ठाकुर, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी/जज तिरथ राऊत, अशोक राऊत, राष्ट्रीय रेफरी/जज कुलदीप सोनकर सीनियर बॉक्सर नंद रामटेके एवं छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग संघ के सभी पदाधिकारीगण जिले के आफिशियल एवं प्रशिक्षकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## कुछ आदतें छोड़ने इन स्टेप्स से आसान होगी आपकी राह

# इस साल आप भी करें नई शुरुआत, स्मोकिंग और शराब छोड़ने का लेंगे संकल्प तो जीत लेंगे सबका दिल

हम सभी वर्ष 2026 के साथ जीवन के नए पायदान पर आ गए हैं, नए साल के शुरुआत में बहुत से लोग अपने सेहत को ध्यान में रखते हुए सिगरेट और शराब छोड़ने का प्रण ले रहे हैं। अगर आप उनमें से एक हैं तो आपको तत्काल पहल करनी चाहिए।

वर्ष 2026 की शुरुआत के साथ ही हम सभी अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए नए संकल्प ले रहे हैं। बहुत से लोग अपनी बुराइयों को छोड़कर जीवन अच्छाई के रास्ते पर जानें का प्रण लेते हैं और इसी कड़ी में सबसे महत्वपूर्ण कदम है धूम्रपान और शराब जैसी हानिकारक आदतों को पूरी तरह छोड़ना। स्मोकिंग न केवल आपके फेफड़ों को छलनी करती है, बल्कि यह रक्त वाहिकाओं को संकुचित कर हृदय रोगों के खतरे को 50% तक बढ़ा देती है।

वहीं शराब का अत्यधिक सेवन लिवर को स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त करने के साथ-साथ आपके मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी गहरा आघात करता है। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि नशे की लत छोड़ना केवल इच्छा शक्ति का खेल नहीं है, बल्कि यह एक क्रमिक प्रक्रिया है जिसमें सही मार्गदर्शन और धैर्य की आवश्यकता होती है।

अगर आप इस साल इन आदतों को छोड़ने का मन बना चुके हैं, तो कुछ बातों को जानना आपके लिए बहुत जरूरी है। ध्यान रखें कि आपका शरीर पहले 24 घंटों के भीतर ही खुद को रिपेयर करना शुरू कर देता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं।



### अपने 'ट्रिगर्स' को पहचानें और उनसे दूर रहें

नशा छोड़ने की राह में सबसे बड़ी बाधा वे 'ट्रिगर्स' होते हैं जो आपको पुरानी आदतों की याद दिलाते हैं। यह कोई विशेष मित्र मंडली, काम का तनाव या खाने के बाद की तलब हो सकती है। इनसे बचने के लिए अपनी दिनचर्या बदलें। जब भी तलब महसूस हो, तो तुरंत एक गिलास ठंडा पानी पिएं या गहरी सांस लेने का व्यायाम करें। शुरुआती कुछ हफ्ते चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन यही समय आपकी जीत तय करता है।

### आहार और पानी का सही संतुलन

धूम्रपान और शराब छोड़ने के दौरान शरीर से निकोटीन और अन्य टॉक्सिन्स को बाहर निकालना जरूरी है। इसके लिए खूब पानी पिएं और विटामिन-C से भरपूर फल जैसे संतरा और आंवला खाएं। निकोटीन की कमी से होने वाली बेचैनी को कम करने के लिए सौंफ या इलायची चबाना एक कारगर उपाय है। अच्छी डाइट न केवल शरीर को ऊर्जा देगी, बल्कि शराब की 'क्रेविंग' को भी कम करने में मदद करेगी।



### 'एंडोर्फिन' हॉर्मोन को सक्रिय करें

नशा छोड़ते समय दिमाग अक्सर डोपामाइन की कमी महसूस करता है, जिससे चिड़चिड़ापन बढ़ता है। इसे नेचुरल रूप से पूरा करने के लिए नियमित व्यायाम या योग का सहारा लें। जब आप कसरत करते हैं, तो शरीर में 'एंडोर्फिन' नामक हैपी हार्मोन रिलीज होते हैं, जो तनाव को कम करते हैं और आपको मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। रोजाना कम से कम 30 मिनट की सैर आपके फेफड़ों की कार्यक्षमता को भी तेजी से सुधारती है।



### पेशेवर मदद और अपनों का साथ

एडिक्शन फ्रि होना एक लंबी लड़ाई है, जिसे अकेले लड़ना मुश्किल हो सकता है। अपने परिवार और दोस्तों को अपने फैसले के बारे में बताएं ताकि वे आपको प्रोत्साहित कर सकें। अगर तलब बेकाबू हो रही है, तो 'निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी' या किसी काउंसलर की मदद लेने में संकोच न करें। वर्ष 2026 को अपने स्वास्थ्य के नाम करें, आपकी एक छोटी सी कोशिश आपके जीवन में कई साल और खुशियां जोड़ सकती है।

# 10 मिनट में तैयार हो जाएंगे ये व्यंजन



नए साल पर अगर आप घर पर ही पार्टी प्लान कर रहे हैं, तो हम आपको कुछ ऐसे व्यंजन बता रहे हैं, जिसे बनाने के लिए ज्यादा पैसे की भी जरूरत नहीं होगी और ये आसानी से बन भी जाएंगे।

### पाव भाजी फोंडू

इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कड़ाही में मक्खन गर्म कर लें। टमाटर की प्यूरी डालकर हल्की आंच पर पका लें। फिर नमक और लाल मिर्च डालकर भूनें। जब उबाल आने लगे तो ककड़ी और गाजर डाल दें। अब कद्दूकस किया हुआ आलू, पाव भाजी मसाला और बचा हुआ सभी सामान डाल दें। जब सभी सब्जियां अच्छी तरह से पक जाएं, तो दूध डालकर ग्रेवी को पतला करें। ग्रेवी को पतली करने के बाद उबाल आने का इंतजार करें। इस दौरान पाव को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटें और फिर स्टीक में लगाएं। गरमा-गरम भाजी के साथ सर्व करें।

### चीज बॉल्स

एक बाउल में मैदा को छान लें और गैस पर एक पैन को गर्म करने के लिए रख दें। जब पैन गर्म हो जाए तो हल्की आंच कर दें और मैदा डालकर लगातार चलाते हुए भुन लें, खुशबू आने लगे तो गैस बंद कर दें। इसके बाद एक दूध डालें और फिर चीज, हरी मिर्च का पेस्ट, नमक और बेकिंग सोडा डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। पेस्ट इतना गाढ़ा हो कि बाल्स आसानी से बन जाएं। अगर आप चाहें तो इसमें चावल का आटा भी मिक्स कर सकते हैं।सारी बॉल्स बनाने के बाद गैस पर कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रख दें। फिर बॉल्स को डालकर फ्राई करें और एक प्लेट में निकाल लें। बस आपकी चीज बॉल्स बनकर तैयार हैं, जिसे सॉस के साथ सर्व किया जा सकता है।

### मिंट पी क्रोस्टिनी

इस स्नैक्स को बनाना बहुत ही आसान है। ब्रेड के किनारों को निकालकर चार टुकड़ों को काट लें। फिर बटर लगाकर हल्की आंच पर तवे पर सेक लें। फिर एक जार में पुदीने के पत्ते, मटर, नमक और लाल मिर्च डालकर पेस्ट बनाएं। अब पेस्ट को एक कोन में फिल करें और ब्रेड के ऊपर रख दें। ऊपर से चिली फ्लेक्स और पुदीने के पत्ते डालें सर्व करें।



### ऐसे करें तैयार चॉकलेट केक खाकर हर कोई करेगा तारीफ


नए साल के लिए लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिस तरह से बहुत से लोग अपने दोस्तों के साथ बाहर पार्टी करने जाते हैं, और समय व्यतीत करते हैं, ठीक उसी तरह से बहुत से लोगों को अपने परिवार के संग समय बिताना पसंद होता है। चाहे पार्टी हो, या आप घर पर समय व्यतीत करें, नए साल के मौके पर सभी का मुंह मीठा कराना तो बनता ही है। अगर आप कुछ मीठा बनाने का सोच रहे हैं तो चॉकलेट केक एक बेहतर विकल्प है।

दरअसल, चॉकलेट केक एक ऐसी डिश है, जिसे बच्चे से लेकर बड़े तक काफी चाव से खाते हैं। इसे बनना भी काफी आसान है। अगर आपको कुछ और समझ नहीं आ रहा है तो आप अपने मेहमानों और घरवालों के लिए घर पर ही स्वादिष्ट चॉकलेट केक तैयार कर सकती हैं। आप इसे बनाकर अपने घरवालों को खुश कर सकती हैं। अगर आप न्यू ईयर की पार्टी के लिए घर पर केक तैयार करना चाहते हैं, तो सबसे पहले को अपने ओवन को 180 सेल्सियस पर प्री हीट कर लें। इसके बाद अब एक बड़े कटोरे में मैदा, बेकिंग पाउडर, बेकिंग सोडा और कॉको पाउडर को मिलाएं। इन सूखी चीजों को सही से मिलाने के बाद कटोरे में चीनी, दूध, तेल, वेनिला एक्सट्रेक्ट और अंडा डालें। अब इस चमचे की मदद से इसे सही से मिक्स करें। ध्यान रखें कि ना तो ज्यादा गाढ़ा होना चाहिए और ना ज्यादा पतला। इसका बेटर तैयार करते वक्त ये भी ध्यान रखें कि इसमें किसी तरह की गांठ नहीं पड़नी चाहिए। जब बेटर तैयार हो जाए तो इसमें चॉकलेट चिप्स डालें। बेटर तैयार करने के बाद एक केक पैन में तेल लगाकर इसे सही से ग्रीस करें। अब केक पैन में तैयार मिश्रण को डालें और 30-35 मिनट तक बेक करें।



### डिजिटल डिटॉक्स से दूर हो सकती हैं कई समस्याएं

डिजिटल डिटॉक्स आज के समय में स्वास्थ्य सुधार के लिए बड़ी जरूरत है। मोबाइल, लैपटॉप और सोशल मीडिया के कारण बढ़े हुए स्क्रीन टाइम से शारीरिक और मानसिक सेहत पर नकारात्मक असर डाला है। नया साल 2026 दस्तक दे रहा है। नया साल और नई शुरुआत, जीवन को बेहतर दिशा देने का एक सुनहरा अवसर है। बीते साल की गलतियों से सीख लेकर अगर हम इस साल अपनी सेहत को प्राथमिकता बना लें, तो आने वाला पूरा साल स्वस्थ और बेहतर रह सकता है। लाइफस्टाइल-खानपान में सुधार के साथ नियमित रूप से मेडिकल चेकअप की आदत बनाकर आप भी सेहत में सुधार कर सकते हैं।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, 70 प्रतिशत से ज्यादा बीमारियों की जड़ हमारी खराब जीवनशैली और गड़बड़ खानपान के आदतों से जुड़ी होती है। अगर समय रहते इन पर ध्यान दिया जाए तो कई तरह की दिक्कतों से बचा जा सकता है। नियमित शारीरिक गतिविधि भी सेहत की मजबूत नींव है।

साल 2026 में सेहत को ठीक रखने के लिए रोजाना 30 मिनट की वॉक-योग, आहार में सुधार और तनाव को कंट्रोल करना जरूरी है। इसके साथ स्वास्थ्य विशेषज्ञ डिजिटल डिटॉक्स की सलाह देते हैं। ये बेहतर कल की तरफ सबसे महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

#### डिजिटल डिटॉक्स सेहत के लिए जरूरी


स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, डिजिटल डिटॉक्स आज के समय में स्वास्थ्य सुधार के लिए बड़ी जरूरत है। मोबाइल, लैपटॉप और सोशल मीडिया के कारण बढ़े हुए स्क्रीन टाइम से शारीरिक और मानसिक सेहत पर नकारात्मक असर डाला है। इससे नींद की कमी, आंखों की समस्या और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं काफी बढ़ गई हैं। ऐसे में डिजिटल डिटॉक्स बहुत लाभकारी हो सकता है। डिजिटल डिटॉक्स यानी मोबाइल, लैपटॉप जैसे उपकरणों के इस्तेमाल को सीमित करना। आइए जानते हैं इसके क्या-क्या फायदे हैं?

#### नींद की गुणवत्ता होती है बेहतर

डिजिटल डिटॉक्स करने से आपको नींद से संबंधित समस्याओं में लाभ मिलता है। सोने से पहले मोबाइल या स्क्रीन देखने की आदत नींद को प्रभावित करती है। डिजिटल डिटॉक्स से नींद की गुणवत्ता सुधरती है और शरीर ज्यादा आराम महसूस करता है। जिन लोगों की नींद अच्छी होती है उनमें क्रॉनिक बीमारियों का जोखिम कम होता है।

#### मानसिक स्वास्थ्य में सुधार

डिजिटल डिटॉक्स का सबसे बड़ा फायदा मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। लगातार नोटिफिकेशन, मैसेज और सोशल मीडिया अपडेट दिमाग को हमेशा एक्टिव मोड में रखते हैं, जिससे तनाव और चिंता बढ़ती है। जब हम कुछ समय के लिए डिजिटल दुनिया से दूरी बनाते हैं, तो दिमाग को आराम मिलता है और सोचने-समझने की क्षमता बेहतर होती है। डिजिटल डिटॉक्स करने से मूड बेहतर होता है, चिड़चिड़ापन कम होता है और डिप्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा भी घटता है। लगातार स्क्रीन के सामने बैठने से आंखों में जलन, सिरदर्द, गर्दन और पीठ दर्द जैसी समस्याएं बढ़ती हैं। डिजिटल डिटॉक्स के दौरान जब स्क्रीन टाइम कम होता है, तो शरीर को हिलने-डुलने और एक्टिव रहने का मौका मिलता है। इससे फिजिकल एक्टिविटी बढ़ती है और लाइफस्टाइल ज्यादा हेल्दी बनती है। आंखों को आराम मिलता है और शरीर की थकान कम होती है।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मैडम तुसाद में अपने ही स्टैच्यू के साथ की हरकत, वीडियो वायरल

अभिनेता इद्रिस एल्बा का हाल ही में लंदन के मैडम तुसाद म्यूजियम में मोम का स्टैच्यू तैयार किया गया है। अब इद्रिस का एक वीडियो वायरल है, जहां वो अपने इस स्टैच्यू को



देखकर हैरान रह गए। अंग्रेजी अभिनेता इद्रिस एल्बा का एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ये वीडियो लंदन के मैडम तुसाद म्यूजियम में उनके स्टैच्यू के अनावरण के समय का है। इस दौरान इद्रिस ने स्टैच्यू के चेहरे से ही अपने स्मार्टफोन को अनलॉक कर लिया। इसके बाद अभिनेता खुद हैरान रह गए। अब इद्रिस का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिखता है कि इद्रिस अपने स्टैच्यू के सामने अपने फोन को लेकर जाते हैं। इस दौरान वो इसे बिल्कुल अपनी तरह दिखाई देने पर हंस रहे होते हैं। मोम के अपने स्टैच्यू के सामने खड़े होकर वो कहते हैं कि इसे देखो। कुछ ही सेकंड में उनके फोन का डिजिटल लॉक आइकन खुल जाता है। हाई सिक्योरिटी वाले फेस आईडी लॉक के स्टैच्यू से ही खुल जाने से, इद्रिस पूरी तरह से हैरान रह जाते हैं। इद्रिस इससे पूरी तरह आश्चर्यचकित होते हुए कहते हैं कि समझ नहीं आ रहा कि इस पर क्या कहूं अब। मैं सचमुच पूरी तरह से हैरान हूं। वाह, ये कमाल है। इसके बाद इद्रिस ने अपनी मां ईव एल्बा के साथ मजाक करने के लिए इस स्टैच्यू का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि रुको मुझे अपनी मां को फोन करना है। वो तो हैरान रह जाएंगी। फिर उन्होंने अपनी मां को फेसटाइम कॉल की।

### टॉलीवुड

## प्रभास की 'द राजा साब' ने रिलीज से पहले कमाए करोड़ों, जानकर हो जाएंगे हैरान

फिल्म 'द राजा साब' का कुछ ही देर पहले ट्रेलर रिलीज हुआ है। जिसे देखने के बाद प्रभास के फैंस फिल्म की रिलीज को लेकर काफी उत्साहित हैं। लेकिन क्या आपको पता है फिल्म ने रिलीज से पहले ही करोड़ों की कमाई कर ली है।



प्रभास इन दिनों अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर और हॉरर फिल्म 'द राजा साब' को लेकर काफी चर्चा में हैं। रिलीज से पहले ही इस फिल्म ने अमेरिका में एडवांस बुकिंग से करोड़ों रुपये कमा लिए हैं।

प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' 2026 की पहली बड़ी फिल्म साबित हो सकती है। अमेरिका सहित कुछ विदेशी देशों में इसके टिकटों की प्री-सेल और एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। शुरुआती रुझान से लगता है कि फिल्म विदेश में अच्छी शुरुआत करेगी। फिल्म के निर्माताओं ने सोमवार सुबह एक पोस्टर जारी किया। इसमें बताया गया कि रिलीज से 10 दिन पहले, यानी 28 दिसंबर तक अमेरिका में प्रीमियर के लिए 2 लाख डॉलर (लगभग 2 करोड़ रुपये) से ज्यादा के टिकट बिक चुके हैं। पोस्टर में लिखा, 'रिबेल साब का क्रेज अभी शुरू हुआ है। उत्तरी अमेरिका में प्रीमियर के प्री-सेल्स में 2 लाख डॉलर से ज्यादा कमाई हो चुकी है और यह जारी है।'

'द राजा साब' एक हॉरर फैंटेसी फिल्म है। प्रभास की हिट फिल्मों 'सलार' और 'कल्कि 2898 AD' के बाद यह उनकी पहली फिल्म है, इसलिए फैंस को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। मारुति के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त, निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन, बोमन ईरानी और रिद्धि कुमार भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद के बाहर एक बहुत बड़े सेट पर हुई है, जो दुनिया के सबसे बड़े सेटों में से एक है। निर्माताओं ने फिल्म की भूतिया हवेली को पूरी तरह नए तरीके से बनाया है।

### भोजपुरी

## खेसारी का नए साल पर धमाका फैंस को दिया पार्टी सांग का गिफ्ट



खेसारी लाल यादव ने नए साल 2026 का जश्न मनाने के लिए फैंस को तोहफा दिया है। उनका नया भोजपुरी गाना 'वो हिलायेगी कमर न्यू ईयर में' रिलीज हो गया है, जो पार्टी सॉन्ग है। इस गाने को उन्होंने शल्पी राज के साथ गाया है। फैंस इस गीत पर लट्टू हो रहे हैं। पवन सिंह के बाद अब खेसारी लाल यादव ने भी अपने फैंस को नए साल का तोहफा दिया है। बिहार के लाल और हरफनमौला सिंगर-एक्टर का नया गाना 'वो हिलायेगी कमर न्यू ईयर में' मंगलवार को रिलीज हो गया है। यह एक विशुद्ध पार्टी सॉन्ग है, जिसका संगीत आपको झूमने पर मजबूर कर देगा। म्यूजिक वीडियो में अंदाज और माहौल भी पार्टी वाला है। गाने को 10 घंटे में ही 'खेसारी म्यूजिक वर्ल्ड' चैनल पर 6.40 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है। फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। कॉमेंट सेक्शन में लोग कह रहे हैं कि इस बार नए साल पर यही गाना बजेगा, वो भी लूप पर। खेसारी लाल यादव का यह गाना 'वो हिलायेगी कमर न्यू ईयर में' तब आया है, जब 24 घंटे पहले ही पवन सिंह ने भी अपने चाहने वालों को 'बेडरूम में राजा' गाने का तोहफा दिया था।

पवन सिंह के गाने 'बेडरूम में राजा' को 24 घंटे में 1.2 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। जबकि खेसारी के वीडियो की रफ्तार देखकर लग रहा है कि यह इतने ही समय में आसानी से 1.5 मिलियन के पार चली जाएगी।

### 2026 में बदलाव


### लाइफ स्टाइल



भारत की होलसेल फैशन इंडस्ट्री ने साल 2025 में बड़े बदलाव देखे। अब साल 2026 हमारे सामने है। बीते साल में टेक्नोलॉजी में तरक्की, कंज्यूमर का बदलता व्यवहार और ग्लोबल फैशन का असर बहुत हद तक हमारी फैशन इंडस्ट्री को प्रभावित करते रहे। अब नए साल में उम्मीद की जा रही है कि डिजीटल प्लेटफार्म पर फैशन इंडस्ट्री और भी तेजी से बदलाव देखेगी। अब क्वालिटी एश्योरेंस और वैरायटी ही ग्राहकों की प्राथमिकता है।

## कोल्ड वैक्सिंग करवाते हुए इन टिप्स को ना करें नजरअंदाज

आजकल बहुत सी महिलाएं अनचाहे बालों को हटाने के लिए कोल्ड वैक्सिंग का सहारा लेती हैं। लेकिन अगर आप कोल्ड वैक्सिंग करवा रही हैं तो आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए।



जब भी आप कोल्ड वैक्स को अपनी स्किन पर लगाएं, तो यह अवश्य सुनिश्चित करें कि आपकी स्किन अच्छी तरह क्लीन हो। इसलिए हमेशा यह सलाह दी जाती है कि अपनी स्किन पर मौजूद तेल, लोशन या गंदगी को हटाने के लिए पहले जेंटल क्लींजर का इस्तेमाल करें। अगर आप चाहती हैं कि कोल्ड वैक्स से आपको अधिक बेहतर रिजल्ट मिले और इनग्रोन हेयर की समस्या का सामना ना करना पड़े तो आप अपनी बॉडी को एक्सफोलिएट भी जरूर करें।

हालांकि, इस बात का ध्यान रखें कि आप उसी दिन एक्सफोलिएट ना करें, बल्कि एक या दो दिन पहले अपनी स्किन पर स्क्रब अप्लाई करें। कुछ लोग यह सोचते है कि कोल्ड वैक्स हॉट वैक्स से अधिक सुरक्षित है, इसलिए वे इसे सीधे ही अपनी स्किन पर अप्लाई करना शुरू कर देते हैं। हालांकि, अगर आप पहली बार कोल्ड वैक्स कर रही हैं तो हमेशा एक छोटे से एरिया पर पैच टेस्ट करें। इससे आपको यह पता चल जाएगा कि कोल्ड वैक्स आपकी स्किन पर किस तरह रिएक्ट कर रही है।

हॉट वैक्स की ही तरह कोल्ड वैक्स को अप्लाई करने का भी एक सही तरीका होता है। अगर आप इसे गलत तरीके से अप्लाई करती हैं तो इससे आपको अधिक दर्द होता है। साथ ही साथ, बाल भी सही तरह से नहीं निकलते हैं। मसलन, आप कोल्ड वैक्स को हमेशा बालों के बढ़ने की दिशा में ही लगाएं। साथ ही, कोल्ड वैक्स स्ट्रिप लगाते समय इसे स्किन पर मजबूती से दबाएं। जिससे स्ट्रिप हटाते समय बाल आसानी से निकल जाएं।

## इस मौसम में आउटिंग के लिए इन कपड़ों को दें प्राथमिकता, ठंड से भी होगा बचाव



लोगों का ऐसा मानना है, कि जितनी खुशी के साथ आप इस मौसम में परिवार के साथ आउटिग पर जाएंगे आपका आने वाला समय उतनी ही खुशियों भरा होगा। ऐसे में हर कोई नए साल वाले दिन अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय व्यतीत करता है। अगर आप भी अपने दोस्तों के साथ कहीं जाने या अपने शहर में ही आउटिंग का प्लान बना रहे हैं तो ये खबर आपके लिए है।



दरअसल, अब जब नया साल आ गया है तो सर्दी भी अपना सितम ढा रही है। ऐसे में नए साल पर आउटिंग के लिए आपको कपड़ों का ध्यान देने की बेहद जरूरत है। अगर आप ऐसा नहीं करेंगी तो ठंड के मौसम में आपकी तबियत खराब हो सकती है। इसी के चलते आज के लेख में हम आपको नए साल की आउटिंग के लिए कुछ फैशन टिप्स देंगे, ताकि ठंड भी आपसे दूर रहे और आप स्टाइलिश भी दिखें।



### जींस-टॉप

अगर ऐसे कपड़े पहनने का सोच रहीं हैं जो फुल भी हों, और जिसको पहनकर आपका लुक प्यारा भी लगे तो सबसे बेहतर विकल्प तो जींस और फुल टॉप ही है। वुलेन टॉप आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे, जिसे आप कैरी करके जलवा दिखा सकती हैं।

### फ्लोरल कुर्ता

सर्दी के मौसम में जह हल्की-हल्की धूप निकलती है तो इस तरह का फ्लोरल कुर्ता आपको खूबसूरत लुक दे सकता है। ऐसे में अगर आप अपने दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो इस तरह का कुर्ता पहन सकती हैं। इसके साथ आप ओपन स्वेटर कैरी कर सकती हैं।

### ड्रेस के साथ कोट

अगर आप ड्रेस पहनने का सोच रही हैं तो इसके साथ ब्लेजर काफी कमाल का लगेगा। इस लुक को पूरा करने के लिए पैरों में बूट जरूर पहनें। ये आपको सर्दी से बचाएगा।

## इन वजहों से तो आपके बाल डल हो रहे, जानिए सबकुछ

कई लोगों के बाल बहुत अधिक बेजान व डल नजर आते हैं। इसके लिए वे कई उपाय अपनाते हैं। लेकिन उन्हें बालों के डल दिखने के कारणों की जानकारी नहीं होती है। तो चलिए जानते हैं इस बारे में।



कई बार ऐसा होता है कि हम तेज धूप में ओपन हेयर लुक में बाहर निकलते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बालों की शाइन कहीं खो जाती है और बाल डल नजर आने लगते हैं। इतना ही नहीं, कई बार बहुत अधिक हवा चलने पर भी अगर बाइक आदि से ओपन हेयर में घूमा जाए तो इससे बाल डल हो सकते हैं। हम कभी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं, लेकिन हेयर ड्रायर का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल करने से भी बाल डल नजर आ (दो मुंहे बाल) सकते हैं। अमूमन हम अपने बालों को वॉश करने के बाद उन्हें सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन उसके बाद बालों पर सीरम नहीं लगाते हैं, जिससे बाल रूखे व डल बन जाते हैं। इतना ही नहीं, अगर नियमित रूप से हेयर ड्रायर का इस्तेमाल किया जाए तो भी बालों की शाइन कहीं चली जाती है। सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन अगर आप अपने आहार पर ध्यान नहीं देते हैं तो इससे भी आपको बालों में डलनेस की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। कोशिश करें कि आप एक बैलेंस डाइट लें और उसमें आपको पर्याप्त विटामिन और मिनरल्स मिलें। इसका हेयर हेल्थ पर गहरा असर पड़ता है। यह एक छोटा सा स्टेप है, लेकिन इससे बालों की हेल्थ और उनकी शाइन पर गहरा असर पड़ता है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जो बालों (कंडीशनर लगाने का तरीका) को शैम्पू तो करते हैं, लेकिन हर बार उसके बाद कंडीशनर को स्किप कर देते हैं। ऐसा करने से उनके बाल धीरे-धीरे डल व बेजान नजर आने लगते हैं।

## स्टाइलिश दिखने मफलर का ऐसे करें इस्तेमाल

सर्दी के मौसम में मफलर पहनने का ट्रेंड काफी पुराना है। मफलर आपको स्टाइलिश बनाने के साथ गर्मी देने का भी काम करता है। इसलिए अधिकतर लोग विंटर सीजन में मफलर को पहनना पसंद करते हैं। या यूं कहें कि मफलर के बिना विंटर वार्डरोब पूरा नहीं हो सकता है।



और हो न हो, शायद आप भी मफलर के शौकीन हैं! जैकेट, ब्लेजर, स्वेटर आदि विंटर टॉप वियर्स के साथ मफलर को लोग कैरी करते हैं। कई लोग इसे गले में लटका लेते हैं तो कई लोग गले में लपेट लेते हैं और कई लड़के मफलर को सिर पर बांधे दिखाई देते हैं। मगर सबसे पहले हमें मफलर को सही तरीके से पहनना मालूम होना चाहिए।

### जैकेट्स

विंटर जैकेट्स सर्दी के मौसम में अधिकतर लड़के पहनते हैं। मगर इसके साथ मफलर को पहनने का तरीका बहुत कम लोगों को पता है। इसी वजह से वे लोग मफलर पहनने के बाद अच्छे नहीं दिखते हैं। इसलिए जैकेट्स और मफलर को सही तरीके से पहनना जान लें।

### पहला तरीका

विंटर जैकेट्स के साथ मफलर को पहनने का सही तरीका है- उसको गले में लटका लें। दोनों ओर से बराबर रूप से मफलर के दोनों सिरे लटके हुए होने चाहिए। यहां पर एक बार ध्यान रखें कि मफलर की लेंथ जैकेट्स की लेंथ से बड़ी नहीं होनी चाहिए।

### दूसरा तरीका

इसके अलावा मफलर को दोहरा करके अपनी गर्दन के दोनों तरफ डालें। मफलर के खुले छोर वाले हिस्से को दूसरी तरफ वाला फंदा बने हिस्से में डालकर हल्का सा कस लें।

### स्वेटर्स

स्वेटर्स और मफलर का कॉम्बिनेशन सबसे पुराना है। ये दोनों लंबे समय से एक दूसरे के साथ ही रह रहे हैं।

### कार्नर न्यूज

### नए साल की पार्टियों में खुद को इस अंदाज में तैयार करें

## नए साल की पार्टियों में बिखेरें भरपूर जलवा कम बजट में अपनाएं खुद की बेहतर स्टाइल

नया साल अपने साथ ढेरों खुशियां लेकर आया है। यही वजह है कि ये मौका होता है जब लोग अपनी पुरानी यादों को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। इसी के चलते नए साल पर जगह-जगह पार्टी का आयोजन चल रहा है, जिसमें शामिल होने के लिए लोग बेहद सजते और संवरते हैं। नए साल की पार्टियों में शामिल होना और खुशियां मनाना सभी का सपना होता है। इसके लिए खासतौर पर महिलाएं खूब नए-नए कपड़े खरीदती हैं लेकिन अगर बजट सीमित हो तो ये थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में अगर आप नए साल की पार्टी के लिए नए कपड़े नहीं खरीदना चाहते तो कुछ टिप्स पर ध्यान दे।

तो ये समझने की जरूरत है कि आप कम बजट में भी स्टाइलिश और आकर्षक दिख सकते हैं, बशर्ते आप सही प्लानिंग और टॉप टिप्स का पालन करें। हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे जिससे आप नए साल की पार्टी में शानदार दिख सकते हैं, बिना ज्यादा खर्च किए।



### सिंपल और स्टाइलिश कपड़े चुनें

सिंपल आउटफिट्स भी आपको पार्टी में स्टाइलिश बना सकते हैं, और ये आपके बजट में भी फिट हो सकते हैं। इसके लिए किसी आकर्षक रंग का टॉप या ड्रेस चुनें, जैसे ब्लैक, रेड, या गोल्डन जो पार्टी के माहौल को बढ़ा दें। आप फिटेड पैंट्स या स्कर्ट के साथ भी अच्छी तरह से मैच कर सकती हैं।

### एक्सेसरीज का इस्तेमाल करें

एक्सेसरीज हर किसी के लुक को खास बना सकती हैं, और ये महंगी नहीं होतीं। बाजार में कम बजट में बहुत सारी खूबसूरत और सस्ती चूड़ियां, नेकलेस और इयररिंग्स मिल जाती हैं। आप इनसे अपनी ड्रेस को एक नया ट्विस्ट दे सकती हैं। अगर आप वेस्टर्न कपड़े पहन रही हैं तो स्टाइलिश चेन या स्टड्स पहन सकती हैं, और अगर ट्रेडिशनल आउटफिट्स हैं तो कुछ हैवी ज्वेलरी भी पहन सकती हैं। एक अच्छा ब्रेसलेट या रिंग भी आपके लुक को और ग्लैमरस बना सकता है।

### डीआईवाई मेकअप और हेयरस्टाइल

आप महंगे सैलून पर जाने के बजाय घर पर ही अपना मेकअप और हेयरस्टाइल कर सकती हैं। यूट्यूब पर कई ऐसे चैनल्स हैं जहां पर बेसिक मेकअप और हेयरस्टाइल के टिप्स मिल जाते हैं। एक हल्का सा ग्लोइंग मेकअप और नॉर्मल हेयरस्टाइल जैसे सॉफ्ट कर्ल्स या एक स्मार्ट बन, आपको पार्टी में आकर्षक बना सकते हैं। इसके अलावा, अगर आप कुछ ज्यादा ट्रेंडिंग लुक चाहती हैं तो लाइट स्मोकी आई मेकअप या मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

### स्मार्ट शॉपिंग करें

शॉपिंग करते समय डिस्काउंट्स का पूरा फायदा उठाना बहुत जरूरी है। आज-कल कई जगहों पर सेल चल रही है, जो अगले ही दिन सामान डिलीवर कराते हैं। आपके लिए ये एक बेहतरीन मौका है कम बजट में खूबसूरत कपड़े खरीदने का। कई बार एक ही कपड़े का डिजाइन अलग-अलग ब्रांड्स में होता है, लेकिन कीमतें अलग होती हैं। इसीलिए, अपने बजट के हिसाब से सही ब्रांड का चयन करें। साथ ही, ऐसे कपड़े खरीदें जिन्हें आप पार्टी के अलावा भी अलग-अलग मौके पर पहन सकें, ताकि उनका इस्तेमाल ज्यादा हो सके।

